खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 10° C

हल्द्वानी, मंगलवार 3 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## ईरान का सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी अरामको पर हमला

तेहरान, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान के बीच जंग की आग सऊदी की तेल रिफाइनरी तक पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको ने सोमवार को अपनी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमलों के बाद बंद कर दिया है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी सेना ने रिफाइनरी की ओर आने वाले एयरक्राफ्ट (ड्रोन) को मार गिराया है।

सऊदी सैन्य प्रवक्ता ने वहां की सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर यह घोषणा की। रास तनुरा तेल रिफाइनरी सऊदी अरब की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है और प्रति दिन 550,000 बैरल कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती है। अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आग बुझा ली गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ड्रोन हमले के कारण अरामको रास तनुरा तेल रिफाइनरी से धुएं का गहरा गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया और पूरे खाड़ी क्षेत्र में जंग शुरू हो गई। इसके बाद लंदन में कच्चा तेल 9.7 प्रतिशत अधिक की महंगी कीमत पर कारोबार कर रहा था।



### ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल–अमेरिका और ईरान जंग का सोमवार को तीसरा दिन था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरे दो दिन पहले अमेरिका और इजरायल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।

## ओमान में भी तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला, एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली।** इजरायल–ईरान जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देशों के नेताओं से भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। वहीं, भारत ने बहरीन में वीजा–पासपोर्ट सर्विस भी बंद कर दी हैं। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ईरानी ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई।

मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपी हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। वहीं, बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। सोमवार को भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इधर, जम्मू–कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। सोमवार सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू–कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित–बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई।

- **इजरायल–ईरान जंग के बीच पीएम मोदी ने बहरीन किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से बात की**
- **भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा को लेकर की चर्चा**

## 13वां रोज़ा: रूहानियत का सच्चा रास्ता है रोज़ा

मगफिरत की बात दरअसल रूहानियत से, रूहानियत इबादत से, इबादत अल्लाह से ताल्लुक रखती है। रोज़ा, रूहानियत का रास्ता है। रोज़ा अल्लाह से वास्ता है। तक्वा रोज़े की शर्त है। तरीके से रखा गया रोज़ा, रोज़ेदार के लिए सवाब ही सवाब है। रोज़ा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है। रोज़ा जब अहकामे–शरीअत की पाबंदी के साथ रखा जाता है, तो अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार के लिए मगफिरत का वकील हो जाता है। कुरआने पाक में जिक्र है– बेशक वो मुराद को पहुंच गया, जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार के नाम का जिक्र करता रहा और इबादत करता रहा। कुरआने–पाक की इस आयत की रोशनी में रोज़े को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है, वो मुराद को पहुंच गया में जो लफ्ज़ मुराद है दरअसल रूहानी लिहाज से मगफिरत की मुराद पूरी होने का इशारा है, लेकिन शर्त है जो पाक हुआ और अपने परवरदिगार का ज़िक्र करता रहा और इबादत करता रहा यानी नेक अमल के साथ अल्लाह का जिक्र करता रहा और नमाज पढ़ता रहा यानी इबादत करता रहा।




## कुवैत में तीन अमेरिकी F-15 विमान गिरे

**कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने पुष्टि की है कि कुवैत में अमेरिका के तीन एफ–15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान गलती से कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए। यह घटना रविवार को सैन्य अभियान के दौरान हुई।

हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी विमान चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई। सेंटकाम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे। इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी। सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने –**शेष पृष्ठ दो पर**



- **पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच एक बड़ी सैन्य चूक सामने आई**

### अमेरिका के चौथे सैनिक की मौत

**तेहरान।** अमेरिका के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड यानी सेंटकाम ने बताया कि यह चौथा अमेरिकी सैन्य कर्मी है जिसकी इस ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं में जान गई है। सेना के अनुसार यह सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेंटकाम ने कहा कि घायल सैनिक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह अपनी चोटों से उबर नहीं सका। इससे पहले भी इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि हो चुकी है।




## ऐतिहासिक समझौता: भारत को यूरेनियम देगा कनाडा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश–ट्रेड डील पर बातचीत हुई है।

सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वॉर को लेकर कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिये निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

- **मोदी–कार्नी की मुलाकात के बाद करार**
- **डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश**



## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की बदलेगी कमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह पांच साल तक पद पर रहने के बाद 19 मार्च को सेवा मुक्त होंगे। सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित एक नोट में बताया कि 19 मार्च को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कंपनी विलय के दौर से गुजरी, एक नया ब्रांड बना और बेड़े का आकार चार गुना हुआ। एयरलाइन देश की तीसरी सबसे बड़ी नौरो बॉडी ऑपरेटर बनने में सफल रही। इस समय उसके बेड़े में 100 से अधिक विमान और देश के बाहर भी 14 देशों में उसका नेटवर्क है। सिंह ने कर्मचारियों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए बताया कि कैप्टेन हैमिश मैक्सवेल नए 'अकाउंटेबल मैनेजर' होंगे।

### भाजपा ने किया था समझौतों का विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि यूरेनियम आपूर्ति और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) सहयोग का जो समझौता मोदी सरकार ने कनाडा के साथ किया है 2008 में अमेरिका के साथ इसी तरह के समझौते का भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जब डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते किया था तो भाजपा ने उसका जोरदार विरोध किया था लेकिन आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उसी तरह के समझौते पर कनाडा के साथ हस्तक्षर कर रही है। उनका यह भी कहना था कि 2008 में हुए समझौते की बदौलत कनाडा के साथ परमाणु सहयोग समझौता हुआ है। भारत व कनाडा ने यूरेनियम की आपूर्ति और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# पैसों के विवाद में चार परिजनों की हत्या

## बहराइच में मां-बाप, दादी और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बहराइच, वार्ता**

■ बड़े भाई को घायल कर खुद हुआ जखमी

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्तपुर रूदल (रामगांव) में जमीन बिक्री के पैसे के विवाद में एक युवक द्वारा अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से मारकर कर हत्या कर दी गई, जबकि बड़े भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोपी ने बाद में स्वयं को भी घायल कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुदेव निवासी बसन्तपुर रूदल द्वारा थाना पर दी गई तहरीर में कहा गया है कि 1-2 मार्च की मध्यरात्रि करीब 12 बजे शोर सुनकर वह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि उनका छोटा भाई निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन एवं गहनों का पैसा न देने को लेकर विवाद कर रहा था। आरोप है कि आवेश में आकर निरंकार ने कुल्हाड़ी से पिता बदलू राम (60), माता संजू देवी (56), बहन पार्वती (लगभग 42) और दादी सिताला (80) पर हमला कर दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब गुरूदेव बीच-बचाव के लिए बाहर आए तो आरोपी ने उनके सिर पर भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरूदेव का पुत्र आजाद भी मौके पर मौजूद था। उसके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसी दौरान आरोपी ने अपने सिर पर ईंट से प्रहार कर स्वयं को भी घायल कर लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक बहराइच रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं घटना स्थल निरीक्षण के बाद एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि घटना जमीन बिक्री के पैसे को लेकर हुए विवाद और तात्कालिक आक्रोश का परिणाम प्रतीत होती है। इस संबंध में थाना रुपईडीहा में धारा मामला दर्ज कर आरोपी निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली सरकार की चार योजनाओं के शुभारंभ पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगाई थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है।

सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढ़ती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है।

## खामेनेई की हत्या की कांग्रेस ने की निंदा, मोदी पर साधा निशाना

# बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों के लिए भारी कीमत चुका रहा है भारत: खड़गे

कांग्रेस ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए रविवार को कहा कि किसी भी बाहरी शक्ति को सत्ता परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां साम्राज्यवाद के समान हैं और वे नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी दोहराती है कि प्रत्येक देश के नागरिकों को अपना राजनीतिक भविष्य तय करने का अधिकार है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस युद्ध की औपचारिक रूप से घोषणा किए बिना एक सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामेनेई की लक्षित हत्या किए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गहरे शोक की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। खड़गे ने कहा कि हम इस गंभीर संकट में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति संवाद के जरिए और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की प्रतिबद्धता पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 में निर्देशित है। वहीं पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के सार और तरीकों दोनों के लिए भारी कीमत चुका रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कई ऐसे मुद्दों का हवाला दिया, जिनके बारे में उनका दावा था कि वे केंद्र सरकार की कमजोर विदेश नीति को दर्शाते हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री और उनके करीबी लोग चाहे जितना भी दिखावा करने की कोशिश करें, सच्चाई यह है कि स्वयंभू विश्व गुरु के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां लगातार बनाए हुए हैं और बार-बार उसी व्यक्ति की सराहना कर रहे हैं, जिसके भड़काऊ बयानों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई में साफ तौर पर पाक का समर्थन किया है।

### खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कश्मीर में लगे प्रतिबंध

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर घाटी में हुए व्यापक प्रदर्शनों के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को श्रीनगर सहित घाटी के कई हिस्सों में नागरिक आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। सुरक्षा बलों ने ऐतिहासिक लाल चौक को पूरी तरह सील कर दिया है, जहां रविवार को हजारों लोग खामेनेई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए थे। एहतियाती तौर पर कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट की गति भी धीमी कर दी गई है। प्रतिबंधों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की भारी तैनाती की गई है। लोगों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए कई अंतर-जिला मार्गों पर नाके बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम के तौर पर ए पाबंदियां लगाई गई हैं। ए प्रतिबंध कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक के स्वैच्छिक हड़ताल के आह्वान की पृष्ठभूमि में लगाए गए हैं।

# वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्वपूर्ण स्थान



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिए अपार अवसर प्रदान करता है। प्रधान ने सोमवार को आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 और 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर से लेकर सतत ऊर्जा तक, भारत एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार के रूप में उभर रहा है, जो सहयोग, क्षमता निर्माण और साझा ज्ञान पर आधारित वैश्विक दक्षिण मॉडल को आगे बढ़ा रहा है।



**सेंसेक्स** 80238.85
**निफ्टी** 24870.65



**सोना** 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 287000
प्रति किलो



**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संकट से सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया।

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनैतिक संकट गहरा गया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किए हैं। इसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 2,743.46 अंक टूटकर 78,543.73 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट काफी कम हुई। अंत में यह 1,048.34 अंक (1.29 प्रतिशत) नीचे 80,238.85 अंक पर बंद हुआ, जो इसका छह महीने का निचला स्तर है। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उतरकर एक महीने के निचले स्तर 24,865.70 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.46 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.75 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 25 से ऊपर पहुंच गया, जो भारी अनिश्चितता को दर्शाता है। धातु और फार्मा को छोड़कर अन्य सेक्टरों में गिरावट रही। निफ्टी ऑटो 2.20 प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। बैंकिंग, आईटी, मीडिया, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर छह प्रतिशत से अधिक और एलएंडटी का पांच प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स और मारुति सुजुकी में तीन फीसदी से अधिक तथा एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व में दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

### सोना 1.66 लाख चांदी 2.87 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अमेरिका- इजराइल और ईरान जंग के चलते सोने चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है।

**शाह टाइम्स का विवरण**

फार्म-4 ( नियम आठ देखिए )

1. प्रकाशन स्थान : कृष्णा लोहा भंडार, प्रथम तल, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी, (उत्तराखंड)
2. मुद्रण स्थान :शाह पब्लिकेशन प्रा.लि. सूजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर(उत्तर प्रदेश)
3 प्रकाशन की अवधि व भाषा : दैनिक, हिन्दी
4. मुद्रक का नाम : शाह पब्लिकेशन प्रा.लि.
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
5. सम्पादक का नाम : एस.एन.राना
(क्या भारत का नागरिक है) : हां
(यदि विदेशी है मूल देश) : नहीं
पता:- राना हाउस, मेरठ रोड, सूजडू मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों
1. आसिफ खान, 105 साउथ खालापार मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
2.जावेद अली, मकान नंबर, 900, कुंगर पट्टी सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

मैं एस.एन राना एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक-3-3-2026
प्रकाशक के हस्ताक्षर
एस.एन. राना

**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड,**
**विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज।**

पत्रांक: मी0/वि0वि0ख0(सि0)/निविदा दिनांक: 02.03.2025

**बिल जमा, बिलों में संशोधन, आई0डी0एफ0 मापक बदलने एवं विद्युत बिल जमा करने हेतु शिविर सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज के अन्तर्गत सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत बिलों को जमा करने, नये संयोजन निर्गत करना, त्रुटिपूर्ण बिलों को सही कराना, मीटर की शिकायतों के निवारण हेतु निम्न तिथियों को शिविरों का आयोजन किया जायेगा शिविर के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपभोक्ता उल्लिखित क्षेत्रों के सम्मुख सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी से दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है।

अत: सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निवारण कर शिविर का लाभ उठायें एवं समय पर अपना विद्युत बिल जमा कर विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।

| दिनांक | उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम सितारगंज (9412091264) अवर अभियन्ता सितारगंज (9917210395) एवं बरा (9412091273) | उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय (9411108050) अवर अभियन्ता चोरगलिया -8279662502, जेलकैम्प व सिडकुल 9411108060 व नानकमता (9411108298) |
|---|---|---|
| 05-03-2026 | मलपुरी, अली नगर | उकरौली |
| 06-03-2026 | सिसैया, गौऊघाट | तपेड़ा, चोरगलिया बाजार, पहाडी उकरौली |
| 07-03-2026 | गौरीखेडा, बरा | थारू तिसौर, |
| 08-03-2026 | नकटपुरा, बरी | --- |
| 09-03-2026 | पटिया, बरी फार्म | कैलाशपुरी, लामाखेडा |
| 10-03-2026 | नया गाँव, गुरू नानक फार्म | कल्याण पुर, मटिहा, फर्स रामपुर |
| 11-03-2026 | पण्डरी, अम्बेडकर नगर | सिसौना, प्रतापपुर नं0 04 |
| 12-03-2026 | मैनाझुण्डी, अजीतपुर | नकुलिया, सिसई खेड़ा |
| 13-03-2026 | बघौरी, अली नगर | बमनपुरी, बिचवा, काण्ठवास बाजार |
| 14-03-2026 | कठंगरी, शहदौरा | बारूआ बाग कोटा फार्म, जगलं जोगीठर |
| 15-03-2026 | सितारगंज टॉऊन, फिरोजपुर | खमरिया |
| 16-03-2026 | बिथाअकबर, गऊघाट | बैकुण्ठपुर, पंचपेडा भटट् |
| 17-03-2026 | बिग्टी, नजीमाबाद | गोविन्द नगर, मो0 भुडिया, जोगा नाली |
| 18-03-2026 | गोठा, सूर्यनगर | सुरेन्द्र नगर, डियोडी |
| 19-03-2026 | चीनीमिल, बब्बरपुर | टैगोर नगर, नगला |
| 20-03-2026 | खुनसरा, हसनपुर | देव नगर, बलखेडा |
| 21-03-2026 | सरकडा, भगवानपुर | आनन्द नगर, प्रताप पुर |
| 22-03-2026 | पण्डरी, शहदौरा | लामाखेडा |
| 23-03-2026 | भिटौरा, नजीमाबाद | गुरूग्राम, बिडौरा मझौला, चोरगलिया बिजली घर |
| 24-03-2026 | नकटपुरा, माता फार्म | तिलिया पुर, कैथुलिया |
| 25-03-2026 | करघटिया, फिरोजपुर | बसगर, मो0 पुर भुडिया |
| 26-03-2026 | हल्दुआ, अली नगर | पिपलिया, इटौवा |
| 27-03-2026 | गोविन्दपुर, अजीतपुर | निर्मल नगर, नगला |
| 28-03-2026 | सितारगंज टॉऊन, बब्बरपुर | राज नगर, जोगीठेर नगला |
| 29-03-2026 | साबेपुर, गऊघाट | डियोडी |
| 30-03-2026 | सैंजनी, शहदौरा | अरविन्द नगर, सुनखरी |
| 31-03-2026 | चिन्तीमझरा, बरा | बारूआ बाग झाडी, पंचपेडा |

'उपभोक्ता टोल फ्री नं. 18004190405 एवं 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें।'
'विद्युत बिलों के 24×7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।'
'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'
अधिशासी अभियन्ता

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कुवैत में...** समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है। अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया। बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं। घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सेंटकाम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि पहचान प्रणाली या संचार में कहां चूक हुई, जिसके कारण एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने सहयोगी विमानों को निशाना बना लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और लगातार हमलों के खतरे के कारण रक्षा प्रणालियां बेहद सतर्क स्थिति में काम कर रही हैं। ऐसे माहौल में पहचान संबंधी छोटी गलती भी बड़े हादसे में बदल सकती है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद अतिरिक्त जानकारी सार्वजनिक की जाएगी और संचालन प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# वैश्विक तनाव पर केन्द्र भूमिका स्पष्ट करे: सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बन रहे युद्ध जैसे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है। अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान**
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास), देहरादून-248006
Phone No/Fax. 0135-2532509, Email Id: eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 4648/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 28/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0-04 में जलापूर्ति प्रणाली का सुदृढीकरण आदि कार्यों हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक **17.03.2026** की सांय 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सांय 03.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी. निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय / सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक **16-03-2026** सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | ईकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोईवाला इकाई | जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0-04 बडोवाला में नवनिर्मित नलकूप में कॉलम पाइप एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 12150.00 | 1000+ 18%GST | डी0 एवं उच्चतर | 01 माह |
| 2 | | जौलीग्रान्ट पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0-04 बडोवाला में पम्प हाऊस निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 11990.00 | 1000+ 18%GST | डी0 एवं उच्चतर | 02 माह |

नोट-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।
अधिशासी अभियन्ता

# लोक गीतों की धुनों के बीच सीएम आवास में बिखरे होली के रंग





## होली मिलन कार्यक्रम में जुटे गढ़वाल, कुमाऊं व जौनसार तक के कलाकार, सीएम भी थिरके



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को होली के रंगों की बहार नजर आई। प्रदेश भर से आए लोक कलाकारों और होल्यारों ने अपनी अपनी धुनों से माहौल को उत्सवमय कर दिया। इस दौरान एक तरफ, हारूल नृत्य करते जौनसारी कलाकार थे तो दूसरी तरफ, अपनी ही धुन में मगन होली गीत गाते कुमांउनी होल्यारों की टीम। इन सबके बीच पौड़ी जिले के राठ क्षेत्र से आई सांस्कृतिक टोली ने भी अपना रंग जमाया। इस दौरान आम और खास ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रंग लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

मुख्यमंत्री आवास का प्रांगण सोमवार को होली के रंगों में सराबोर नजर आया। इस दौरान प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता के भी दर्शन हुए। पूर्वाह्न से ही प्रदेश भर के लोक कलाकारों, संस्कृति कर्मियों की टोलियां होली गायन करते हुए, सीएम आवास पहुंचती रही। एक तरफ गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक का होली गायन था, नृत्य था। इस दौरान होली के गीत गूंजे। पारंपरिक गायन हुआ। ढोल, मंजीरे बजे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत ने होली गीतों के प्रभाव को और बढ़ा दिया। आओ दगड़ियो, नाचा गावा, आ गई रंगीली होली का आह्वान यदि कुमांउ से आए कलाकारों ने किया, तो राठ क्षेत्र के कलाकारों ने गाया-आई डान्ड्यू बसंत, डाली मा मौल्यार।

इस दौरान जो भी यहां पहुंचा लोक के रंगों में खो गया। लोक संस्कृति का वह प्रभाव भी था, जो उत्तराखंड को सांस्कृतिक तौर पर विशिष्टता प्रदान करता है। लोक कलाकार इस बात से बेहद खुश दिखे कि उन्हें विशेष तौर पर बुलाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लोक कलाकारों के संग होली के रंगों में पूरी तरह से रंगे नजर आए। मुख्यमंत्री खुद लोक कलाक. ारों के साथ थिरकने को मजबूर हो गए।

### मुख्यमंत्री खुद लोक कलाकारों के साथ थिरकने को हुए मजबूर

### लोक संस्कृति पर सीएम कर रहे अच्छा काम

उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आए लोक कलाकारों ने इस मौके पर कहा कि लोक संस्कृति पर सीएम अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य सरकार लोक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए, लोक कलाकारों को संरक्षण प्रदान कर रही है।

### मुख्यमंत्री आवास में दिखी उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति की छटा के साथ रंग, संगीत और लोकपरंपराओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विविधता हमारी शक्ति है और ऐसे आयोजन हमारी पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। समारोह में मंत्रीगण, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी तथा समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने सीएम से भेंट कर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान गढ़वाल और कुमाऊँ की पारंपरिक होली के साथ-साथ जौनसार-बावर और तराई क्षेत्र की लोकधुनों ने वातावरण को रंगमय बना दिया। लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश की विविध लोक परंपराओं की झलक दिखाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की लोकसंस्कृति, लोकभाषाओं और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत ही उत्तराखण्ड की पहचान है और इसे सहेजना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समारोह में सभी ने पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली

## भाजपा मुख्यालय में बरसा अबीर-गुलाल

### कार्यकर्ताओ ने सीएम संग मनाई होली

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** होली के मौके पर भाजपा मुख्यालय मे अबीर गुलाल पर कार्यकर्ता सीएम के साथ खूब थिरके। भाजपा परिवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की मौजूदगी में होली उमंग और उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर सीएम ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाइयां दी।

पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली। इस दौरान सभी लोगों ने एकदूसरे पर अबीर, गुलाल और फूलों की जमकर बरसात की। कार्यकर्ताओं ने अपने मुख्यमंत्री का स्वागत रंगों एवं फूलों से कर एक दूसरे को होली की बधाई दी। सीएम एवं प्रदेश नेतृत्व की मौजूदगी में संगीत की धुन पर सभी लोगों ने जमकर नृत्य से होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, प्रेमचंद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सरकार में दायित्वधारी डा देवेंद्र भसीन, सुभाष बर्थवाल, मधु भट्ट, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट, प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह नेगी, प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक, कमलेश रमन, नवीन ठाकुर, महानगर अध्यक्ष सोनिया सिद्धार्थ अग्रवाल, समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रंगोत्सव की ऊर्जा से राज्य के विकास में भरने हैं नए रंग: सीएम

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने सभी को रंगोत्सव की बधाई दी और उमंग एवं उल्लास से होली मनाने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, ये दुनिया का अनूठा त्यौहार है जो सभी तरह के भेदभाव और द्वेष समाप्त करने का है। साथ ही सभी से आग्रह किया कि उत्सव में आप सभी अपनी प्रसन्नता एवं उल्लास बनाए रखें। सरकार जनता के सहयोग से विकास एवं कल्याण की अनेकों योजनाओं से प्रदेश का कायाकल्प करने में जुटी है। जन जन की सरकार अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 23 विभागों को गांव गांव घर घर पहुंचाकर हमने जनता की समस्याओं का उनके दरवाजे पर समाधान का प्रयास किया।

### सरकार और संगठन की सफलता से कई गुना बढ़ा होली का उत्साह: भट्ट

पारिवारिक अनहोनी की घटना के चलते होली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट समारोह में शामिल नही हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के नाम संदेश में सभी को रंगोत्सव की हार्दिक बधाई दी। साथ ही कहा, इस होली का उत्साह विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार और संगठन की सफलता से कई गुणा बढ़ गया है। वहीं विश्वास जताया कि उमंग उत्साह के इस महोत्सव से रिचार्ज होकर हम 27 की होली को जीत के रंगों भरेंगे।

## हेली एम्बुलेंस बनी जीवन रक्षक: बड़कोट की प्रसूता को समय रहते पहुंचाया एम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/ उत्तरकाशी।** पहाड़ी के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों के बीच हेली एम्बुलेंस एक बार फिर जीवनदायिनी साबित हुई। सोमवार को बड़कोट क्षेत्र के केसना गांव की ३१ वर्षीय अंजनी को प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। स्थिति गंभीर होते देख स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत हेली एम्बुलेंस सेवा सक्रिय की। डॉक्टर डॉ. रोहित भण्डारी की तत्परता और प्रशासन की मुस्तैदी से महिला को एयरलिफ्ट कर सीधे एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

चिकित्सकों के अनुसार प्रसवा. ेत्तर रक्तस्राव (च्वेजचंतजनउ भ्मउवततींहम) मातृ मृत्यु का प्रमुख कारण माना जाता है, ऐसे में समय पर उच्च स्तरीय उपचार मिलना जीवन बचाने में निर्णायक साबित होता है। पहाड़ों में सड़क मार्ग से घंटों का सफर तय करना पड़ता, लेकिन हेली एम्बुलेंस ने मिनटों में दूरी समेट दी।

**पहाड़ों के लिए उम्मीद की किरण:** दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तरकाशी जनपद में हेली एम्बुलेंस सेवा अब जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी कम कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताते हुए मांग की है कि ऐसी सेवाओं को नियमित और अधिक सुलभ बनाया जाए।

### क्या है एयर एम्बुलेंस सेवा?



एयर एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों, ऑक्सीजन सपोर्ट और प्रशिक्षित मेडिकल टीम से लैस उड़न चिकित्सा सेवा होती है। इसका उपयोग विशेष रूप से उन मामलों में किया जाता है जब मरीज की हालत नाजुक हो और सड़क मार्ग से समय पर अस्पताल पहुँचना संभव न हो। उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में यह सेवा दूरस्थ गांवों के लिए वरदान बन रही है।

## 339 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत

### उत्तराखंड कैंपा परियोजना संचालन समिति की 12वीं बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कैंपा परियोजना संचालन समिति की १२वीं बैठक मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वन संरक्षण, मृदा-जल संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम एवं वानाग्नि प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्य सचिव ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृदा-जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत प्रत्येक वन प्रभाग (डिवीजन) में एक बड़े प्रोजेक्ट को चिन्हित कर बहुआयामी प्रस्ताव तैयार किया जाए।

**'प्रदेश स्तर पर भी तीन इंटीग्रेटेड परियोजनाएं':** उन्होंने जल संरक्षण के तहत सारा, जलागम एवं अन्य संबंधित विभागों/एजेंसियों के समन्वय से राज्य स्तर पर भी कम- से - कम तीन बड़ी एकीकृत (इंटीग्रेटेड) परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कैंपा के अंतर्गत ३३९ करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव सी. रविशंकर एवं रणवीर सिंह चौहान, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी

कैंपा कपिल लाल, प्रमुख सचिव वन एस.पी. सुबुद्धि, मुख्य वन संरक्षक (परियोजनाएं) सुदर्शन पटनायक, अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण निर्णय:** मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में सभी जनपदों में ट्रांजिट रेस्क्यू सेंटर स्थापित किए जाने हैं। इस वर्ष की कार्ययोजना में 10 नए रेस्क्यू सेंटर शामिल किए गए, जिनके लिए 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए ८.६ करोड़ रुपये का अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

**वन कर्मियों के आवास निर्माण को स्वीकृति:** गढ़वाल एवं कुमाऊं क्षेत्र में देहरादून तथा हल्द्वानी में रेंजर स्तर तक के वन कर्मियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण के लिए १० करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

**वनाग्नि सुरक्षा एवं वन पंचायतों को सहयोग:** वनाग्नि सुरक्षा के लिए १२ करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया, जिसमें वन पंचायतों हेतु २ करोड़ रुपये की धनराशि भी शामिल है।

**जल धाराओं के उपचार के लिए 19.5 करोड़ स्वीकृत:** मृदा-जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत जल धाराओं के उपचार के लिए १९.५ करोड़ रुपये की धनराशि का अनुमोदन किया गया।



### थर्ड पार्टी ऑडिट एवं पारदर्शिता पर जोर

कैंपा के अंतर्गत संचालित कार्यों के ऑब्जर्वेशन एवं थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए तीन से चार एजेंसियों को सूचीबद्ध करने तथा विभिन्न आयामों में स्वतंत्र मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही, बजट को बेहतर गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ व्यय करने और सभी कार्यों की निगरानी सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

## होली के दौरान किसी भी आपात स्थिति में मुस्तैद रहेगी कैम्प 108

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश मे आगामी होली के त्यौहार और उसे हर्षोल्लास से मनाने की लोगौं की तैयारियो के बीच कैम्प 108 आपातकालीन एम्बुलेस सेवा के जीएम (प्राजेक्ट्स) अनिल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को देहरादून स्थित मुख्यालय मे बैठक आयोजित की गयी।

इस दौरान शर्मा ने अधिकारियो से त्यौहार के दौरान की गयी तैयारियों के बारे में जाना और अन्य जरूरी दिशा- निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि होली के मद्देनजर सभी एम्बुलेंस को हाई एलर्ट पर रखने के निर्देश दिये गये है। इस दौरान सभी कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर तैनात एम्बुलेंस जाम में न फंसे इसके लिए भी व्यापक स्तर पर तकनीकी व्यवस्था की गयी है ताकि किसी भी आपात स्थित के दौरान जाम की पूर्व सूचना देहरादून स्थित केन्द्रीय काल सेन्टर को मिल सके।

उन्होंने बताया संवेदनशील स्थानो पर तैनात एम्बुलेंस के जाम या टोली में फसने के मद्देनजर पुलिस विभाग से भी सहयोग लिया जायेगा। जिसको देखते हुए देहरादून के साथ-साथ मैदानी जिलो मे एम्बुलेंस में सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहे इसका प्रयास किया जा रहा है ताकि मरीज या उसके तीमारदार को असुविधा न हो और उनको समय से चिकित्सा उपचार मिल सके। देहरादून के सर्वेचौक, घंटाघर, जाखन, रायपुर, बल्लूपुरचौक, प्रेमनगर, विधानसभा, रेसकोर्स में मुख्य चौराहों पर एम्बुलेंस की तैनाती की गयी है ताकि आपात स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल एम्बुलेंस को किसी भी दिशा में रवाना किया जा सके। उन्होंने कहा कि कैम्प 108 सेवा के प्रदेश मुख्यालय देहरादून के साथ-साथ सभी जिलों में कार्यरत कर्मचारियों के होली के मद्देनजर अवकाशों को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष होली के दौरान 13 मार्च से 15 मार्च के बीच अन्य दिनों की अपेक्षा रोड़ एक्सीडेन्ट की अधिक सूचनाएं मिलने के कारण अधिक सर्तकता बरती जा रही है ताकि किसी को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही कैम्प 108 सेवा के सेन्ट्रल काल सेन्टर मे अधिक काल आने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त टेक्निकल स्टाफ की ड्यूटी लगायी गयी है।




### जीएम प्रोजेक्ट्स अनिल शर्मा ने की मुख्यालय में बैठक आपातकालीन सेवा की तैयारिया पूरी

### होली के दिन भी संचालित होगी खुशियों की सवारी सेवा

होली पर्व के दिन भी प्रदेश में खुशियों की सवारी सेवा का संचालन किया जायेगा। जिसके तहत प्रसव उपरान्त जच्चा-बच्चा के साथ ही 1 साल से छोटे बच्चों को स्वस्थ होने के बाद होली के दिन भी घर तक नि:शुल्क पहुॅचाने की सुविधा मिलती रहेगी। गर्भवती महिलाओं को भी अवकाश के दिन आवश्यकता पड़ने पर अल्ट्रासाउण्ड जांच हेतु घर से अस्पताल और अस्पताल से वापस घर तक पहुॅचाया जायेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में कुल 128 खुशियों की सवारी सेवा का संचालन किया जा रहा है और देहरादून जनपद में इस योजना के तहत 17 खुशियों की सवारी संचा. लित की जा रही है। पर्व के दौरान इस सेवा के लाभार्थियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पडे इसको देखते हुए कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## सीएम ने विकास योजनाओं के लिए स्वीकृत किए 102 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत उपजिला चिकित्सालय, बाजपुर में 06 नग चिकित्साधिकारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत हरिद्वार जिले, उत्तराखंड में प्रस्तावित पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर भवन का के नवीन निर्माण कार्य के लिए 50.27 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के हर की पैड़ी से ललतारों सेतु तक गलियों का सुधारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 9 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ ही लोक निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, लक्सर के स्थान पर स्मार्ट सिटी पीआईयू, लो०नि०वि०, देहरादून से कार्य कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र खानपुर में असुरक्षित सेतुओं के तहत नारसन-हरजौली-जट मुडलाना-लंडौरा-जौरासी बुघ्द्ढाहेडी-बजेडी-राजपुताना मोटर मार्ग के कि०मी० 23 में आर०सीसी० सेतु की क्षतिग्रस्त ऐप्रोच का सुरक्षात्मक कार्य के लिए 6.67 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.67 करोड़, लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए की गई मांग 32.50 करोड़ के सापेक्ष 25 करोड़ की धनराशि राज्य आपदा मोचन निधि के पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण मद से अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। जनपद चम्पावत की तहसील पूर्णागिरी में हुड्डी नदी की बाढ़ से ग्राम छानीगोठ की सुरक्षा के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार निर्माण कार्य के लिए 5.75 करोड़ की योजना के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.30 करोड़, जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैंण में रामगंगा नदी तट पर हो रहे भू-कटाव एवं आवासीय भवनों के बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य के लिए 6. 83 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.74 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

### प्रदेश में कई स्थानों पर विकास कार्यों को मिलेगी गति

# अल्मोड़ा में जगह-जगह होली की महफिलें

## पहाड़ों में राग, फाग और रंग के पर्व होली की मस्ती परवान चढ़ने लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में इन दिनों होली अपने पूरे शबाब में है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पुरुषों व महिलाओं की होली महफिलें सज रही हैं। एक ओर जहां महिलाएं घर-घर में बैठकी होली कर रही है। वहीं, पुरूषों की खड़ी होली में शृंगार रस की धूम मच रही है। सोमवार को नगर के हुक्का क्लब में होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि अल्मोड़ा को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं में विशेषकर अल्मोड़ा की संस्कृति देश भर में प्रसिद्ध है। इसको संरक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन कारगर सिद्ध होंगे। इसके बाद लोक कलाकारों की टीम ने राधा-कृष्ण और फूलों की होली की शानदार प्रस्तुति से पूरा क्षेत्र सराबोर हो उठा। वहीं, विभिन्न सांस्कृतिक छटाएं भी देखने को मिली। होल्यारों ने शिव के मन माही बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी, फागुनवा रंग भर लायो रे...., नंद का लाल रसिया होलिन..., आज नंद लाल संग खेलूंगी होली..., गजानन शंभू के नंदन तेरी जय हो और होली की आई बहार फागुन महीने में.., आदि होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर यहां मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, देवेंद्र भट्ट, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, नवीन बिष्ट, मनीष जोशी, नीरज सांगा आदि लोग मौजूद रहे। सोमवार को नगर से सटे ग्राम पंचायत खत्याड़ी के देवी मंदिर में महिला होली का आयोजन हुआ। इस दौरान महिला होल्यारों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली गायन कर स्वांग भी किया। महिलाओं ने गजानन शंभू के नंदन तेरी जय हो और होली की आई बहार फागुन महीने में गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। महिलाओं ने शिव के मन माही बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी, झुकि आयो शहर में व्यापारी..., फागुनवा रंग भर लायो रे, खेलन आई राधिका गौरी..., नैनवा रसके भरे, पिया आआगे कौन घड़ी...,तू कर ले सोलह श्रंगार, तेरे अंगना होली आयी रही.., आदि होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। बौरारौ घाटी में होली महोत्सव की शुरुआत चीर बंधन और मंदिरों में देव होलियों के गायन के साथ हो गई है। वहीं, दूसरी ओर महिला होल्यारों की टोलियां भी होली का घर-घर गायन कर रही हैं। खीराकोट गोलू मंदिर, कालिका मंदिर और हरज्यू मंदिर और घर-घर शानदार खड़ी होलियों का गायन किया गया। सोमेश्वर, मनसा घाटी, लोद घाटी, रनमन, मनान, ताकुला और बसौली के सभी गांवों में प्रत्येक वर्ष होली पर्व एकादशी से होलिका दहन तक धूमधाम से मनाया जाता है।





**बागेश्वर।** पहाड़ों में राग, फाग और रंग के पर्व होली की मस्ती परवान चढ़ने लगी है। ग्रामीण अंचल से लेकर नगरों में लोग होली के रंग में रंग चुके है। होली की चतुर्दशी के दिन बागेश्वर के पौराणिक बागनाथ मंदिर में चामी, स्युनी, बमराड़ी, रावइंखाल, खोली, काकड़ा, आरे, मनकोट समेत दर्जनों गांवों के होल्यारों ने बगनाथ मंदिर में माथा टेक शिव की अराधना कर समूह में होली गायन किया।
होली के रंग में डूबी बाबा बागनाथ नगरी में गांव गांव से पहुंचे होल्यारों का समागम हुआ। होल्यारों की टोली ढोल-मजीरे की थाप पर होली गाते हुए मंदिर परिसर में पहुंची। उन्होंने बाबा बागनाथ को अबीर-गुलाल चढ़ाकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। होल्यारों ने सामूहिक रूप से हां जी शंभो तुम क्यों न खेले होरी लला, ब्रह्मा जी खेले, विष्णु जी खेले, तुम क्यों न खेले होरी लला.. का गायन किया। नगर के चौक बाजार पर विभिन्न गांवों से आई होलियां एकजुट हुई। वहां से होल्यार गाते-बजाते हुए बागनाथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान पूरा चौक बाजार सफेद परिधानों में सजे होल्यारों से भर गया। इधर गांव में भी होली परवान पर चढ़ी हुई है। होल्यार घर घर पहुंचकर होली गायन कर रहे हैं। इसके साथ ही महिलाएं भी समूह में होली गायन करते हुए मस्ती में झूम रही है।

### सुरक्षित तरीके से मनाएं होली: जिलाधिकारी

**बागेश्वर।** होली के पावन अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद बागेश्वर के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सरयू और गोमती के संगम की पावन धरती बागेश्वर में होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, बैठकी एवं खड़ी होली की परंपरा, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे होली को पारंपरिक उल्लास, शालीनता एवं परस्पर सम्मान के साथ मनाएं। पर्व के दृष्टिगत जनपद बागेश्वर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। नगर क्षेत्र बागेश्वर, कपकोट, गरुड़ तथा अन्य स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं संगम क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा नियमित गश्त लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, नशे की हालत में वाहन चलाने, यातायात नियमों के उल्लंघन तथा असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जल संरक्षण का ध्यान रखते हुए पर्यावरण के अनुकूल एवं सुरक्षित तरीके से होली मनाएं।

### युवा होली महोत्सव: नशे से दूर रहने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा नगर कार्यालय मंत्री दीपांशु शर्मा और युवा मोर्चा के नगर मंत्री कार्तिक चौहान द्वारा संगम बैंक्विट हॉल में युवा होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्थानों से युवा उपस्थित हुए।



दीपांशु शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा हम यह संदेश देना चाहते हैं कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और यह कार्यक्रम ऐसे आयोजन होने चाहिए, जो हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारे कल्चर और रंगों के बारे में जागरूक करें। कार्यक्रम में नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, रेनू अधिकारी, और भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर भी उपस्थित रहे।

### सौहार्द व शांतिपूर्वक तरीके से होली मनाने की अपील

**अल्मोड़ा।** होली पर्व पर पुलिस विभाग ने हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखना शुरू कर दिया गया है। पुलिस जवानों की तैनाती के साथ ही शहर में लगे सीसीटीवी से भी पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। जिससे होली पर्व पर शांति व्यवस्था के साथ ही किसी भी प्रकार से कोई अप्रिय घटना ना हो सके। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने स्थानीय जनता से होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार मानीटरिंग कर चप्पे-चप्पे पर संदिग्ध व्यक्तियों, अराजक तत्वों व हुड़दंगियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। होली पर्व पर किसी भी व्यक्ति के अराजकता, हुड़दंग कर शांति व कानून व्यवस्था प्रभावित की जाती है तो कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### खोए मोबाइलों को स्वामियों को लौटाया

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को तलाशकर लोगों को लौटाया। इससे लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। बीते कुछ समय से पुलिस को मोबाइल गुम होने की शिकायत मिल रही थी। इस पर एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने साइबर टीम को अलर्ट कर मोबाइलों की लोकशन ट्रेस करने और बरामदगी के निर्देश दिए थे। साइबर सेल के प्रयासों के बाद टीम ने मोबाइलों को अल्मोड़ा उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, बिहार, राजस्थान, यूपी के मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर आदि से बरामद किया। अभियान में टीम ने कुल 76 मोबाइल बरामद किए। सोमवार को एसएसपी ने मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया।

## एक नजर

### 50 वाहन चालकों पर कार्रवाई, दो सीज

**अल्मोड़ा।** जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की टीम ने सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ओवर स्पीड में वाहन चलाने वाले 30 चालकों, ओवरलोडिंग में 2 तथा शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए 1 चालक पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। कुल 50 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। नियमों की अनदेखी और गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 2 वाहनों को सीज भी किया गया।

### 52 मरीजों की जांच, दवाओं का वितरण

**अल्मोड़ा।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा के मार्गदर्शन में भिकियासैंण क्षेत्र के ग्राम नौला में मोबाइल हेल्थ वैन द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भिकियासैंण के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 52 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का सामान्य परीक्षण करने के साथ ही ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच भी की। शिविर में आवश्यकतानुसार मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने अपने गांव में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने पर संतोष व्यक्त किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में ऐसे शिविर आगे भी लगाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता: चित्रांगदा का शानदार प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत की छात्रा चित्रांगदा सिंह ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हरिद्वार में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय ट्रायल एवं चैंपियनशिप में उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक तथा टीम स्पर्धा में भी रजत पदक प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी 1 अप्रैल को आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड टीम में हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने बधाई देते हुए कहा कि चित्रांगदा की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### बुजुर्ग महिला से अभद्रता का आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** बुजुर्ग महिला से अभद्रता करने वाले आरोपी को कपकोट पुलिस ने किया गिरफ्तार। 85 वर्षीय बुजुर्ग माताजी के साथ अभद्रता करने के सम्बन्ध में तहरीर मिलने पर थाना कपकोट में मु.अ.सं.-08/2026 व धारा 62, 64, 115(2) व 333 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना कपकोट को सख्त कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। कपकोट पुलिस टीम द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एक दिन में अभियुक्त 20 वर्षीय लोकेश गढ़िया उर्फ लक्की पुत्र नंदन सिंह निवास ग्राम तोली थाना कपकोट जनपद बागेश्वर को धारा 62, 64, 115(2) व 333 भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत रविवार को तोली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गांव में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू

**बागेश्वर।** दमकल विभाग ने कोलतुलारी गांव में रविवार को लगी आग पर काबू पा लिया है। इस तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। रविवार की रात करीब दस बजे फायर स्टेशन गरुड़ को सूचना मिली कि देवनाई स्थित कोलतुलारी गांव में आग लगी है, जो तेज हवाओं के कारण आबादी की ओर बढ़ रही है। आस-पास रिहायशी मकान होने के कारण स्थिति काफी संवेदनशील थी। सूचना मिलते ही फायर यूनिट मौके पर पहुंचकर टीम ने देखा कि आगोशाला के पास रखे घास के लूटों (ढेर) में लगी थी और विकराल रूप ले रही थी। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया। फायर टीम की सूझबूझ से आग को रिहायशी घरों और गोशाला के भीतर तक पहुंचने से रोक लिया। घटना में किसी भी प्रकार की जन-हानि या जीव-हानि नहीं हुई है।

### पुलिस ने 522 ग्राम चरस के साथ युवक दबोचा

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने 522 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने निर्देश पर अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बेस तिराहा के पास चेकिंग अभियान के दौरान कार संख्या यूके 01 टीए 4129 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार राकेश कुमार पुत्र मधन राम, निवासी गौना, जलना जिला अल्मोड़ा के कब्जे से 522 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख से अधिक आंकी गई। गिरफ्तारी टीम में एसआई आनन्द बल्लभ कश्मीरा, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन शामिल रहे।

### ट्राले व कैंटर की टक्कर में कैंटर चालक की मौत

**काशीपुर।** भूसे से भरे ट्राले व कैंटर की टक्कर में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ईलर निवासी राहुल 28 वर्ष पुत्र राम प्रसाद कैंटर चालक है वह बीती 1 तारीख की रात को अपना कैंटर रुद्रपुर लेकर जा रहा था तभी गदरपुर के पास उसके कैंटर की भूसे से भरे ट्राले से टक्कर हो गई, जिसमें कैंटर चालक राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर रूप से घायल राहुल को यहां काशीपुर के केवीआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

### चंदन को भाजयुमो जिला महामंत्री की जिम्मेदारी

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी हैं। पार्टी जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर चंदन बहुगुणा को मोर्चा का



अल्मोड़ा जिला महामंत्री बनाया गया हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चंदन की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व में चंदन भाजयुमो नगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिला अध्यक्ष महेश नयाल, विधायक मोहन सिंह मेहरा, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा दर्शन रावत, मेयर अजय वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी, देवाशीष नेगी, प्रकाश भट्ट, पंकज जोशी, हरीश बिष्ट, प्रेम लटवाल, मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट, मंगल सिंह, नवीन बिष्ट, नमन गुरुरानी, भुवन वर्मा, पवन साह ने शुभकामनाएं दी।

# कच्ची शराब की चार भट्ठियां तोड़ीं, हजारों लीटर लाहन नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्रभर में अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। आईटीआई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम बरखेड़ी में बहल्ला नदी के किनारे लगी अवैध शराब की कुल 3 कच्ची भटियों को तोड़कर लगभग 6 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया। उधर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर द्वारा गठित पुलिस टीमों में उपनिरीक्षक चंदन सिंह व उपनिरीक्षक कंचन पडलिया, कांस्टेबल किशोर फर्त्याल, कांस्टेबल जगदीश पपनै, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह बिष्ट के द्वारा कुंडेश्वरी जय स्टोन क्रेशर के पीछे झाड़ियां में राजा पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम जगतपुर कुंडेश्वरी को कच्ची शराब बनाने की भटी पर गिरफ्तार किया गया। मौके पर अभियुक्त के कब्जे से दो प्लास्टिक के ट्यूबों में कुल 110 लीटर कच्ची शराब व 02 अदद लोहे के ड्रम, 02 प्लास्टिक के पाइप तथा कच्ची शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किये गये। इसके अतिरिक्त मौके पर ही 3500 ली0 लगभग लहन नष्ट किया गया। जिसके आधार पर कोतवाली काशीपुर में अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60(2) ईएक्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं उपनिरीक्षक कौशल भाकुनी व उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र तथा कांस्टेबल प्रेम कनवाल के द्वारा सुरेंद्र सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी खाईखेड़ा को गंगे बाबा तिराहे के पास एक प्लास्टिक के कट्टे में 60 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं कुंडा कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर जसपुर कट के पास गौरा फार्म जाने वाले मार्ग पर मोटरसाइकिल संख्या यूके-18-आर-8299 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें काले रंग की रबर ट्यूब के अंदर लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से बाइक सवार गुरजीत सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासी भोगपुर डाम, कोतवाली जसपुर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबल राजकुमार, पाल सिंह व जितेन्द्र कुमार थे।



रमज़ान मुबारक

ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

# काशीपुर में वृंदावन के कलाकारों का धमाल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भाजपा नेता आशीष गुप्ता के निवास पर आज होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वृंदावन से आये कलाकारों से होली के भजन गाकर सभी को ब्रज में होने का अहसास करा दिया। लोग भजनों पर थिरकते नजर आये और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, दर्जामंत्री बलराज पासी, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व संगठन महामंत्री सजंय कुमार, खिलेन्द्र चौधरी, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, अभिषेक गोयल, मनोज अग्रवाल, दीपक मित्तल, मानवेन्द्र सिंह मानस, लवीश अरोरा, समरपाल चौधरी, जसवीर सिंह सैनी, विकास जैन, नुपुर गुप्ता, सृष्टि आहूजा बंसल, कविता यादव, सीमा चौहान, राजदीपिका मधुर समेत भाजपाई व अन्य संगठनों के लोग भी मौजूद रहे।

**काशीपुर।** जीएसटी विभाग में कार्यरत मानपुर रोड स्थित कौशांबी कालौनी निवासी कृष्ण कुमार यादव द्वारा इस वर्ष भी होलिका दहन के लिए 'होलिका' का प्रतीकात्मक स्वरूप तैयार किया गया है। होलिका दहन के दौरान सार्वजनिक रूप से इस प्रतीकात्मक स्वरूप का दहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्री यादव होली पर होलिका तथा विजयदशमी (दशहरा) के अवसर पर रावण, मेघनाद व लंका के प्रतीकात्मक स्वरूप अपने हाथों से तैयार करते हैं। होलिका के प्रतीकात्मक स्वरूप को देखने पहुंचे कमलेंद्र चौधरी, पुष्पेन्द्र जैन, अशोक कुमार अग्रवाल, उमेश चन्द्र, सुरेंद्र सिंह, गुरदेव सिंह, अमित अग्रवाल, अनिल पंत, अश्वनी शर्मा, विकास लोहनी, यश यादव, रमेश अरोरा, विनोद ठाकुर, पराग तायल, मनीष शर्मा, रोहित अरोरा, ईश अरोरा व प्रेम पटेल आदि ने कृष्ण कुमार यादव की तारीफ करते हुए उन्हें होली की बधाई दी।

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित ऑर्कफ में रॉयल पंजाबी लेडीज़ ग्रुप द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और रंगों की बौछार के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संगीत, डांस, मनोरंजक गेम्स ने उपस्थित महिलाओं को पूरे समय उत्साहित बनाए रखा। आयोजन स्थल पर रंगों की छटा और पारंपरिक पंजाबी अंदाज़ ने माहौल को और भी खास बना दिया। उल्लेखनीय है कि रॉयल पंजाबी लेडीज़ ग्रुप की स्थापना उर्वशी दत्त बाली द्वारा की गई है। उनके नेतृत्व में यह समूह लगातार सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। ग्रुप का उद्देश्य महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे आपसी प्रेम, सहयोग और उत्सव की भावना को बढ़ावा दे सकें। कार्यक्रम के दौरान ग्लैमरस गुलाल क्वीन का खिताब मन्नू ढिल्लों को, मोस्ट कलरफुल पर्सनालिटी नीलम छाबड़ा व मिस फेस्टिव विब का सम्मान किरणलीन सेठी को प्रदान किया गया। सरप्राइज सेगमेंट में इन तीनों विजेताओं को विशेष सम्मान देकर समारोह को और भी यादगार बना दिया गया। आयोजन की सफलता में उर्वशी दत्त बाली के साथ विन्नी सेठी, नीरू अरोड़ा, साक्षी छाबड़ा, ईशा भल्ला, अनु सेठी एवं मनीषा का विशेष योगदान रहा।

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में आज होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। कॉलेज के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए जमकर होली खेली। पूरा परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर दिखाई दिया और हर ओर खुशी का माहौल रहा। कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश देता है। संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह व ऑल डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

शाकिर हुसैन
(पत्रकार)

नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद


इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष
अलीम खान

उपाध्यक्ष
अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद


हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# नेता, अफसर और पत्रकारों पर चढ़ा होली का खुमार

## कुमाऊं कमिश्नर और डीएम की जुगलबंदी ने बांधा समां, गाना गाकर विधायक सुमित ने लगाए चार चांद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में होली का रंग अब पूरी तरह चढ़ने लगा है। सोमवार को उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकार, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी एक ही रंग में रंगे नजर आए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल व शहर विधायक सुमित हदयेश का गायन रहा, जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज से होली की महफिल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कुमाऊंनी होली गीतों के साथ हुई। दोनों अधिकारियों की इस कलात्मक छवि ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। होली के गानों पर पत्रकार, नेता और अधिकारी खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। निष्पक्ष खबरों के लिए पहचाने जाने वाले पत्रकारों ने आज कलम छोड़कर जमकर गुलाल उड़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और पत्रकार यूनियन के इस प्रयास



की सराहना की। यूनियन के पदा. धिकारियों ने कहा कि भागदौड़ भरी पत्रकारिता और तनावपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों के बीच इस तरह के आयोजन नई ऊर्जा का संचार करते हैं। यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न स्तंभों के बीच आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि होली का यह त्योहार हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ता है। पत्रकारों के साथ होली के गीतों को साझा करना एक सुखद अनुभव रहा। इस दौरान सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, योगेश शर्मा, मनोज जयवसाल, दलजीत सिंह दल्ली, प्रेम चौधरी, अतुल गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, विकास भगत, राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, मंडी अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, प्रकाश हर्बोला, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, रंजन बर्गली, ललित जोशी, आनंद सिंह दरम्वाल, प्रमोद तोलिया, मोहिनी रावत, राधा आर्य, विनोद कुमार, विजय यादव, डा. विपिन चन्द्रा, अनुज सक्सेना, अंकुर शर्मा, सर्वेश तिवारी, संजय प्रसाद, दीपक भंडारी, विजेन्द्र मेहता, अरविंद मलिक, गणेश जोशी, गोविन्द सनवाल, संतोष जोशी, ललित मोहन बेलवाल, चयन राजपूत, उदय सेठ, शाहवेज खान, देवेन्द्र रौतेला, महेन्द्र नेगी, सरताज आलम, ऋषि कपूर, श्रुति तिवारी, राघेन्द्र शुक्ला, राहुल दरम्वाल, कैलाश पाठक, संजय कुमार, राजेश श्रीवास्तव, गुड्डू रजवार, मनोज भट्ट, चन्द्र प्रकाश, संजय पाठक, हिमांशु वार्ष्णेय, सौरभ बजाज, पंकज अग्रवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब की होली में मचा धमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली की खुमारी इस बार पत्रकारों पर भी खूब चढ़ी। हल्द्वानी प्रेस क्लब ने नवाबी रोड स्थित रुद्राक्ष बैंकट हॉल में होली का पर्व धूमधाम से मनाया, जिसमें भारी संख्या में नेताओं तथा प्रशासनिक अफसरों ने शिरकत की। इस मौके पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों के अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया। होली गीतों पर प्रभाकर जोशी ने जो आवाज़ का जादू बिखेरा तो होली मिलन समारोह झूम उठा। इसके बाद महिलाओं ने होली गीतों पर धूम मचा दी। बतौर प्रमुख अतिथि कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, शहर विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, राज्यमंत्री तरुण बंसल, रेनु अधिकारी, रंजन बर्गली, पूर्व सूचना अधिकारी



योगेश मिश्रा, सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरडी पालीवाल, एसडीएम प्रमोद कुमार, पियूष सिन्हा मौजूद रहे, जिनका प्रेस क्लब के सदस्यों अध्यक्ष संजय तलवार, कैलाश जोशी, दिनेश जोशी, ताराचंद गुरुरानी, रवि दुर्गापाल, मनोज पांडे, अनुराग वर्मा, मो. हसनैन, सुशील शर्मा, ओपी अग्निहोत्री, भगवान सिंह गंगोली, दीपक भंडारी, शाहवेज़ खान, राहुल दरम्वाल, गिरीश गोस्वामी, श्रुति तिवारी, शेर अफगान, सरताज आलम, अजय चौहान, नीरू भल्ला, बबलू कुमार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।



## पर्वतीय उत्थान मंच में होलिका दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पार्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के प्रांगण में होलिका दहन पूर्ण विधि-विधान से आयोजित किया गया। होलिका दहन से पहले पंचांग पूजन की विधि के तहत समस्त देवताओं का आवाहन किया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक हुकम सिंह कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ मिलकर आचार्य पंडित कैलाश चंद्र भट्ट की देखरेख में होली का पूजन किया। संरक्षक और अध्यक्ष ने देवताओं का आवाहन करते हुए देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने क्षेत्र की जनता को होली की शुभकामनाएं दी और अपील की कि इस त्योहार को उल्लास और शांति से मनाते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम करें, जो पार्वतीय संस्कृति का आधार है। इस कार्यक्रम में हीरानगर क्षेत्र और आसपास के लोगों की भारी भीड़ ने पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मंच के सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, भुवन जोशी, चंद्रशेखर परगाई, बृजमोहन बिष्ट, नीरज बगड़वाल, संदीप भैसोड़ा, कमल किशोर, पंकज सुयाल, जगमोहन रौतेला, सुरेश पांडे, बृज मोहन सिजवाली, एलडी पांडे, प्रताप सिंह चौहान रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों में दिखा होली का उत्साह

**हल्द्वानी।** पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न



कुमाऊंनी बैठकी होली और सुर-साधना द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इन टोली में कृष्णानंद उपाध्याय, पीसी जोशी, पीएस मेहता, जगदीश चंद्र डालाकोटी सहित अन्य कलाकारों ने होली के गीतों की प्रस्तुतियां दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर रमेश चंद्र पांडे, भुवन भास्कर पांडे, डीके पांडे, भगवती बिष्ट, पीएस जन्तवाल, डीके बल्यूटिया आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने कुमाऊंनी गीतों का लिया आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की व्यापारिक संस्थाओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस रंगारंग कार्यक्रम में



कुमाऊनी गीतों का आनंद लिया गया और आपसी एकजुटता का परिचय दिया गया। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर होली का आनंद लिया। कुमाऊनी गीतों की धुन पर नृत्य करके सभी ने उल्लासपूर्ण माहौल में इस त्योहार को मनाया। यह पहला अवसर था जब सभी लोग अपने आपसी मतभेदों को दूर करते हुए एकजुटता के साथ होली के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिले के एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी और व्यापारियों से जनहित में पुलिस प्रशासन का सहयोग देने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में सुभाष मोंगा, धर्म यादव, राजेन्द्र फर्स्वाण, हुकुम सिंह कुंवर, अनिल खंडेलवाल, भुवन तिवारी, जीवन कार्की, पूरन लाल साह, देवेश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, टीटू, राजीव अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, गोविंद बगड़वाल, राजीव जायसवाल, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, मनोज जायसवाल, अतुल गुप्ता, राज्य मंत्री दिनेश आर्या, प्रदीप जनौटी, मधुकर श्रोतीया, मनोज चौहान, राजेन्द्र बिष्ट, कमल जोशी, अजय राठौर, सुनील गुप्ता, अतुल जायसवाल, चमन गुप्ता मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने दी होली की बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडलायुक्त व मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत व जिला अधिक. ारी ललित मोहन रयाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी हैं। मंडलायुक्त ने कहा, रंग और उल्लास के साथ होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि होली शांतिपूर्ण वातावरण में और मर्यादाओं का पालन करते हुए मनाएं। वहीं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा, यह पावन अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। इसका ख्याल रखते हुए होली मनाएं।

## कुमाऊंनी भाषा में श्रेया प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा कुमाऊंनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में आठवें दिन दर्पण स्कूल कुसुमखेड़ा में बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया एवं स्कूल की प्रधानाचार्य शीतल जोशी एवं डायरेक्टर मीनाक्षी जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में 49 बच्चों ने कविता एवं भाषण में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया तिवारी एवं आशुतोष कुमार, द्वितीय स्थान निर्मला जोशी और हिमांशु बर्गली, तृतीय स्थान गौरव मटियाली और निहारिका जोशी ने प्राप्त किया। यूकेजी की छात्रा साक्षी को बाल रत्न



और हितांशी कोठारी को बाल शिरा. ेमणि कुमाऊंनी पुरस्कार से नवाजा गया।

निर्णायक की भूमिका में डा. भगवती पनेरु एवं कवित्री बीना भट्ट रहीं। सभी प्रतिभागी बच्चों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दो शिक्षिकाओं कविता, दीपा शाही को भी कुमाऊनी भाषा में बच्चों को तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बताया कि भाषा के प्रचार-प्रसार की इस मुहिम में सभी विद्यालयों का सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी जोशी, सहित संस्था की उपाध्यक्ष नंदा पांडे, पूर्णिमा पांडे, विद्या जोशी, अंजू पांडेय, ममता भट्ट, पुनीता पाण्डेय, ईश्वर चंद्र भट्ट मौजूद रहे।

## रवि चाणक्य का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मिशन न्यू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य का उत्तराखण्ड प्रवास के दौरान केनाल रोड स्थित उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी



रमेश कन्नौजिया के निवास पर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश थपलियाल और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुन्दन सिंह बो. हरा ने संगठन विस्तार पर मंथन किया। बैठक में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और युवा शक्ति को संगठित करने के विषय पर चर्चा की गई। कुन्दन सिंह बोहरा ने कहा कि मिशन न्यू इंडिया युवाओं को राष्ट्रहित से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने उत्तराखण्ड के युवाओं की बढ़ती सक्रियता को संगठन के उज्जवल भविष्य के लिए मजबूत आधार बताया। इस दौरान सभी सदस्यों ने संगठन को सशक्त बनाने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस बैठक में मिशन न्यू इंडिया के देहरादून महानगर अध्यक्ष दीपक वधावन सहित बालम सिंह बिष्ट, मनीष दरम्वाल, करण सिंह, राजा गौतम सहित लोग मौजूद रहे।

## वन भूमि पर बसे लोगों ने उठाई आवाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन भूमि पर दशकों से बसे गांवों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग फिर तेज हो गई है। सोमवार को बागजाला धरना स्थल पर आयोजित अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बागजाला, बिंदुखत्ता, सुल्ताननगरी, दानी बंगर और खोलिया बंगर समेत सभी वन खत्तों को राजस्व गांव घोषित करने का प्रस्ताव 9 मार्च से गैरसैण में शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में पारित कराया जाए। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि लालकुआं विधायक और भाजपा बार-बार वन भूमि वासियों को भूमि के मालिकाना हक के मुद्दे पर भ्रमित कर रहे है। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव 25 फरवरी की



कैबिनेट बैठक में लाने का दावा झूठा साबित हुआ। अब मुख्यमंत्री की विलोपित घोषणा को दोबारा प्रक्रिया में लाने की बात कही जा रही है। किसान महासभा बागजाला की उपाध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि लालकुआं विधानसभा क्षेत्र की सभी वन बस्तियों को प्रस्ताव में शामिल किया जाए। यदि बागजाला के साथ सौतेला व्यवहार किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा। बैठक में गणेश राम, मीना भट्ट, गणेश राम, प्रेम सिंह नयाल, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, हेमा आर्य, ललिता देवी, सुनीता देवी, मारूफ अली, हरक सिंह बिष्ट सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विक्रम बने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा व्यवसायी विक्रम गौड़ को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर द्वारा हल्द्वानी ब्लॉक इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश अनुशासन अध्यक्ष डा. बालम सिंह बिष्ट, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, रमेश जोशी, आफताब हुसैन, खिम सिंह बिष्ट, तारा सिंह भंडारी, हर्ष जलाल, बृजमोहन सिज़वाली, पंकज सुयाल, अजय कृष्ण गोयल, अविनाश गुप्ता, और विनय चौधरी ने विक्रम गौड़ को बधाई दी।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने कराया युवा सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से कालाढूंगी रोड स्थित बैंकेट हाल में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन हुआ। इस दौरान समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डा. शैलेंद्र ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि युवाओं को सही दिशा और मार्गदर्शन मिले तो वे समाज और देश के विकास में निर्णायक योगदान दे



सकते है। परिषद के राष्ट्रीय मंत्री पवनपुत्र बादल ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं से अधिकाधिक सं या में परिषद से जुडने् का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि परिषद साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र चेतना को मजबूत करने का कार्य कर रही है। सम्मेलन में गोरक्षा, रक्तदान, रोटी सेवा, कला, मानव सेवा, संगीत एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए डा. जगदीश पंत कुमुद को प्रदेश अध्यक्ष तथा सौरभ पाण्डे को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज, प्रांत संघचालक डा. बहादुर सिंह बिष्ट, पद्मश्री से सम्मानित डा. माधुरी बर्थवाल, कल्याण सिंह रावत, युवा शोध आयाम प्रमुख आदर्श, गोपाल भट्ट, मयंक मित्तल, सुनील पाल, सुरभित रस्तोगी, मीना अरोरा सहित युवा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 16वीं पुरुष/महिला राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल गोलापार के एस्ट्रो टर्फ हाकी मैदान में आयोजित किया गया। हॉकी उत्तराखंड महासंघ के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि यह प्रतियोगिता 1 अप्रैल से 12 अप्रैल तक राजगीर, बिहार और राँची, झारखंड में आयोजित की जाएगी। दोनों वर्गों के लिए चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 1 जनवरी, 2010 से पूर्व जन्म तिथि निर्धारित की गई थी। महिला वर्ग में 48 खिलाड़ियों ने ट्रायल में हिस्सा लिया, जिनमें से 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर इसी एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान में आयोजित किया जाएगा, और अंत में 18 सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय बकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। वहीं पुरुष वर्ग में 63 खिलाड़ियों ने विभिन्न जनपदों से प्रतिभाग किया। इस वर्ग में भी 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के बाद 18 सदस्यीय टीम बनाई जाएगी, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में चयन समिति के सदस्य पूर्व चीफ कोच साई वीरेन्द्र परिहार, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश भाकुनी, पुष्कर सिंह रावत, उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल सहित अध्यक्ष किशोर सिंह बाफिला, कैलाश पांडे, कैलाश जलाल, सनी, तेजेंद्र सिंह रावत, मनीषा जोशी, चंदा पांडे मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से मौत, मोबाइल गायब

## हत्या न आत्महत्या, कौन ले गया बैंकट हॉल स्वामी का मोबाइल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के कारोबारी अरुण सिंह बिष्ट की मौत को तीन दिन हो चुके हैं और अब यह साफ हो चुका है कि उनकी मौत न तो हत्या है और न ही आत्महत्या, बल्कि हार्ट अटैक के कारण हुई थी। हालांकि, अरुण का मोबाइल गायब है, जिससे मामला और पेचीदा हो गया है। पुलिस मोबाइल को ढूंढ़ने के प्रयास में जुटी है, लेकिन वह स्विच ऑफ है और ट्रेस नहीं हो पा रहा। बता दें कि तल्ली हल्द्वानी निवासी 46 वर्षीय अरुण सिंह बिष्ट की लाश बीते शनिवार को सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर उनकी कार में पाई गई थी। हालांकि, उनकी मौत शुक्रवार को ही हो चुकी थी और उनकी लाश लगभग 24 घंटे तक कार में अस्पताल के बाहर खड़ी रही, इसका पता शनिवार को चला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई थी। हार्ट अटैक से मौत की बात समझ में आती है, लेकिन अरुण के गायब मोबाइल ने घटना को और पेचीदा बना दिया है, क्योंकि किसी साजिश के तहत हार्ट अटैक को प्लांट किया जा सकता है। मोबाइल गायब होने से यह मामला और उलझ गया है। पुलिस को उम्मीद है कि गायब मोबाइल से मामले का खुलासा हो सकता है, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण पुलिस उसे ट्रेस करने में सफल नहीं हो पाई है। यह भी हो सकता है कि मौत के बाद मोबाइल चोरी हो गया हो या फिर मौत से पहले ही वह गायब हो गया हो। इस मामले की जांच कर रहे कोतवाल विजय कुमार मेहता का कहना है कि मोबाइल फोन को अभी ट्रेस नहीं किया जा सका है, और सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की तहकीकात की जा रही है।

### हार्ट अटैक से मौत के बाद मोबाइल चोरी होने का अंदेशा

### आखिर कौन थे कार में झांकने वाले स्कूटी सवार?

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर जहां अरुण की कार खड़ी थी, वहां एक सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें देखा गया कि अरुण ने कार को पहले एक बार रोकने की कोशिश की और फिर दूसरी बार उसे रोक दिया। इसके बाद स्कूटी सवार दो लोग वहां पहुंचे, जिन्होंने कार के अंदर झांका और फिर चले गए। बाद में एक और स्कूटी सवार आया, उसने कार का खुला दरवाजा बंद किया और चला गया। पुलिस अभी तक यह नहीं पता लगा पाई है कि ये स्कूटी सवार लोग कौन थे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि./ यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक : 1431/ ग्रा०नि०वि०/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 02.3.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 52**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-08 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 23.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23.03.2026 को अपरान्ह् 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 20.03.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित ( रू. लाख मे ) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस. टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | तहसील काण्डा में उपजिलाधिकारी कार्यालय /न्यायलय एवं टाईप चतुर्थ आवासीय भवन में विद्युतीकरण कार्य। | 9.95 | 30,000.00 | 1500.00 + 18% GST | 15 माह | 45 दिन | ए श्रेणी विद्युतीकरण |

**-: निविदा की शर्तें:-**

**नोट**:- 1. उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 23.03.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**( इं. तहसीन अहमद )**
**अधिशासी अभियन्ता, ( वि./ यॉ. )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तीन कच्ची शराब की भट्टियां तथा उपकरण किए ध्वस्त



■ करीब 7000 लीटर लहन किया नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** एसएसपी अजय गणपति द्वारा पूरे जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। आज सोमवार को भोगपुर डाम में लगभग 7000 लीटर अवैध लहन व तीन कच्ची शराब भट्ठी नष्ट की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा पतरामपुर चौकी भोगपुर डाम के दुरस्त जंगल क्षेत्र में पैदल कॉम्बिंग अभियान चलाकर पूर्ण क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब कसीदगी की तलाश करते हुए घने जंगल के बीच एक शराब भट्ठी तथा भट्ठी स्थान और उपकरण को ध्वस्त करते हुए करीब 2000 लीटर लहन नष्ट किया गया, इसके उपरांत जनपद ऊधमसिंह नगर तथा जनपद नैनीताल बॉर्डर क्षेत्र में नाले के किनारे दो शराब भट्टियों तथा भट्ठी के स्थान और उपकरण ध्वस्त करते हुए करीब 5000 लीटर लहन नष्ट किया गया। पूर्ण कार्यवाही में कुल 7000 लीटर लहन नष्ट किया गया।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई गोविन्द सिंह मेहता चौकी इंचार्ज पतरामपुर, एसआई संतोष देवरानी चौकी इंचार्ज नादेही, एसआई इंद्र सिंह ढेला चौकी इंचार्ज सूत मिल, एसआई हरीश आर्य हल्का इंचार्ज, हे.का.गिरीश चंद्र, मनोज रावत, गणेश राम, का. सुभाष डुंगरियाल, दीपक जलाल, विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वांछित अभियुक्त नाजिम को दबोचा

## अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस व 4100 नकद बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान के तहत एएनटीएफ ऊधम सिंह नगर व एसओजी रुद्रपुर की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। टीम ने इन्द्रा चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि सुभाष कॉलोनी में पूर्व में पुलिस टीम पर पथराव एवं जानलेवा हमला करने वाला व एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपित नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम पुत्र कल्लू निवासी सुभाष कॉलोनी, रुद्रपुर बिना नम्बर प्लेट की बाइक से सिडकुल की ओर से हल्द्वानी जा रहा है।



सूचना पर पुलिस टीम ने पारले चौक, निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। तोबागवाला/बिन्दुखेड़ा बाईपास की ओर से आती एक संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया। भागने का प्रयास करते हुए आरोपित बाइक घुमाई तो वह अनियंत्रित होकर गिर गया। गिरने के बाद आरोपित ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपित के पैर में गोली लगी। पुलिस घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से एक 315 बोर का एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो कारतूस, 4100 रुपये, घटनास्थल से बिना नम्बर प्लेट की नीले रंग की बाइक (चेसिस नम्बर अंकित) एवं लाल रंग का हेलमेट भी बरामद किया।

बरामद शस्त्र एवं कारतूसों की विधिवत नापतौल, सीलिंग, चिटबंदी कर नमूना मोहर तैयार की गई। समस्त डिजिटल साक्ष्य संकलित किए गए। स्वतंत्र गवाहों को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया, किन्तु कोई भी व्यक्ति मौके पर तैयार नहीं हुआ। आरोपित नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम पूर्व में कोतवाली रुद्रपुर में पंजीकृत मुअसं 52/2026 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 109, 121, 132, 190, 191(2)(3) बीएनएस में वांछित चल रहा था। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है तथा पूर्व में पुलिस टीम पर हमला कर फरार चल रहा था। घायल आरोपित को जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है, जहां वह पुलिस अभिरक्षा में उपचाराधीन है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली। एसएसपी ने कहा कानून व्यवस्था को चुनौती देने तथा मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। पुलिस टीम में निरीक्षक राजेश पाण्डेय (प्रभारी एएनटीएफ), उ.नि. उमेश कुमार (एसओजी प्रभारी), वरिष्ठ उ.नि.अनिल जोशी, अपर उ.नि. अमित कुमार, का. विनोद खत्री, दिनेश चन्द्र शामिल थे।

## एक नजर

### स्मैक के साथ नशा तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिहनगर अजय गणपति द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यवाही अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज सूत मिल उ.नि. इंद्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में मझरा को जाने वाली सड़क पुलिया से अभियुक्त तुषार कुमार पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ध्यान नगर- नारायणपुर थाना जसपुर को 04.30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसआई इंद्र सिंह ढेला, हे. का. गणेश राम, शैलेंद्र सिंह,का. अरुण कुमार, प्रविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों ने की दस हजार मासिक पेंशन व अंत्योदय कार्ड देने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** दर्जनों दिव्यांग जनों ने सोमवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित कर बताया कि वर्तमान में दिव्यांगों की पेंशन 1500 मासिक है जो उनके भरण पोषण हेतु बहुत कम है। उन्होंने पेंशन को बढ़ाकर 10000 मासिक पेंशन किए जाने की मांग की ताकि उनका भरण पोषण पूर्ण रूप से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांगों के लिए अंत्योदय राशन कार्ड की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेज कर दिव्यांगों के हित में उक्त मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की है। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद यासीन कुरैशी, विशाल कुमार, इकरार हुसैन अंसारी, सलमान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इरफान, अफजल, मुमताज अहमद, अखलाक तथा आरिफ अंसारी आदि के हस्ताक्षर थे।

### नगर पालिका में होली खेल दिया भाईचारे का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, अधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ होली खेली और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ नगर के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान भी किया। यह पहल संगठन के भीतर एकता और पारिवारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में सराहनीय कदम है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, सफाई नायक विजय गौरव, संतोष गौरव, सूरज कुमार, दीपेश जोशी, खुशबुद्दीन, रामपाल तथा हीरालाल आदि मौजूद थे।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सोमवार को टोपा कॉलोनी में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उनकी बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

टोपा कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय ध्रुव पुत्र राजू सिंह अपने एक साथी के साथ बाइक से भोना कॉलोनी स्थित एक सीड्स प्लांट में मजदूरी का कार्य करने के बाद घर खाना खाने लौट रहा था। इसी दौरान दियोहरी फार्म नमूना निवासी 18 वर्षीय बबलू पुत्र नन्हे सिंह बुलेट बाइक पर सवार होकर टोपा कॉलोनी की ओर आ रहे था। बताया जाता है कि टोपा कॉलोनी स्थित एक चक्की के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार ध्रुव की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### होली पर्व से पहले पुलिस की सख्ती, चार संदिग्धों का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में चौकी बन्नाखेड़ा पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन, वस्तु, होटल व ढाबों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान चार संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 1250 संयोजन शुल्क वसूल किया। कार्रवाई के बाद संबंधित व्यक्तियों से व्यक्तिगत माफीनामा लेने के उपरांत उन्हें चौकी से रुखसत कर दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। चेकिंग टीम में शामिल पुलिसकर्मी, उपनिरीक्षक अशोक कांडपाल (चौकी प्रभारी बन्नाखेड़ा),कांस्टेबल सुनील कुमार, गिरीश पाटनी, ज्ञानेंद्र सोरायण, कैलाश चंद्र,मनोज करायत, विपिन चंद्र आदि मौजूद थे।

### अवैध कच्ची शराब के साथ एक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** जनपद में अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के निर्देशन में चौकी दोराहा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महेशपुरा कट से हरलालपुर होते हुए बाजपुर गांव की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर छापेमारी के दौरान अभियुक्त सरवन सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी काशीपुर रोड, दोराहा, कोतवाली बाजपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सफेद रंग के प्लास्टिक कट्टे में रखे 40 पाउच, करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, चौकी प्रभारी दोराहा, हेड कांस्टेबल संजय कुमार,कां. नरेंद्र सिंह मौजूद थे।

### ओवरलोड जुगाड़ वाहन से बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब लोहे के भारी एंगल से भरा ओवरलोड जुगाड़ वाहन अचानक पीछे की ओर बैक हो गया। अचानक वाहन के बैक होने से पीछे चल रहा एक बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया और घायल हो गया। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जुगाड़ वाहन में क्षमता से अधिक लोहे के एंगल लदे हुए थे। बिना किसी संकेत या सावधानी के वाहन चालक ने अचानक बैक कर दिया, जिससे पीछे आ रहे बाइक सवार को संभलने का मौका नहीं मिला। टक्कर लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। गनीमत रही कि युवक को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन वाहन की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था।

# पुलिस ने दो वारण्टी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय से अन्तर्गत धारा -323 आईपीसी में जारी आदेश/वारंट में वारण्टी शरीफ पुत्र हनीफ निवासी रामनगर वन थाना जसपुर तथा अन्तर्गत धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट में जारी आदेश/वारंट में वारण्टी मो. आजम पुत्र राशिद अहमद निवासी डॉक बंगला जसपुर को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई गोविंद सिंह मेहता, एसआई भोपाल राम पौरी, का. सुभाष डुंगरियाल, विक्रम सिंह, कुलदीप सिंह, होमगार्ड दीक्षित आदि शामिल रहे।

# डिल्लू तथा मलकीत राना की मौत का खुलासा करने की मांग

■ 25 दिन बाद भी खुलासा न होने पर थारू समाज व परिजनों में आक्रोश

■ खुलासे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापने



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** राणा थारु परिषद तथा राणा थारु युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर पूर्व में हुए डिल्लू राना तथा मलकीत राना की मौत का खुलासा करने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाया है कि पांच फरवरी 2026 को डिल्लू राना तथा मलकीत राना की षड्यंत्र के तहत पेय पदार्थ में जहर मिलाकर हत्या कर दी गई थी, जिस संबंध में आज 25 दिन बीत जाने के बाद भी षड्यंत्रकारियों का खुलासा नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर प्रकरण की जल्द से जल्द खुलासा करने तथा दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं मृतक डिल्लू राना के भाई राजेश सिंह राना ने साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए प्रकरण का खुलासा करने और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर राणा थारु परिषद के अध्यक्ष दान सिंह राना, राजेश सिंह राना, उदय सिंह राना, राम किशोर, सत्यवीर सिंह राना, पूनम राना, विजय सिंह राना, राजवीर सिंह राना तथा वास्तव सिंह आदि मौजूद रहे।



# वरिष्ठ समाजसेवी, व्यवसायी लाला श्री प्रकाश का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** नगर के जाने-माने पुराने समाजसेवी, व्यवसायी एवं राजनीतिज्ञ लाला श्री प्रकाश का बीमारी के चलते निधन हो गया। वे लगभग 95 वर्ष के थे। राजनीति में पंडित गोविंद बल्लभ पंत के परिवार से उनका बहुत करीबी रिश्ता रहा था। विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा उद्योगपतियों व व्यापारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# किसानों का फूटा गुस्सा, कलक्ट्रेट में हल्लाबोल

■ बेमौसमी धान की अनुमति की मांग, विधायक पाण्डे ने दिया समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले गदरपुर क्षेत्र से आये दर्जनों किसानों ने कलैक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रशासन द्वारा खेतों में ट्रेक्टर से धान की फसल रौंदने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान गदरपुर के भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डे ने भी उनके साथ आकर मांगों का समर्थन किया। किसानों का आरोप है कि उनका प्रतिनिधि मंडल पूर्व में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से इस सन्दर्भ में वार्ता कर चुका है परंतु कोई हल नहीं निकाला गया।

उन्होंने कहा कि अनेकों बार ज्ञापन देने के पश्चात भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। हर बार किसानों को गुमराह किया गया। किसानों ने मौके पर पहुंचे एडीएम कौस्तुभ मिश्र को ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने कहा कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के निर्देश पर की जा रही है। न्यायालय के निर्देश का पालन करना सभी का दायित्व है। किसानों ने बताया 2024 के अन्त में पूर्व जिलाधिकारी एवं मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा ग्रीष्म कालीन धान पर प्रतिबन्ध लगाने से पूर्व 04 बैठकें किसानो के साथ की गयी थी, जिसमें सहमति बनी थी कि सीलन वाली भूमि को पूर्णत: प्रतिबन्ध से बाहर रखा गया था। मक्का जिसकी नमी 25 प्रतिशत तक होगी कटौती करके खरीदा जायेगा। उत्तराखण्ड के किसानो की मक्का को प्राथमिकता के आधार पर समय से खरीदा जायेगा, जिससे किसान की फसल में नमी के कारण फफूंदी ना आये। साइलेज वाली मक्का की खरीद आंचल डेयरी के द्वारा गत वर्षो से ज्यादा क्षेत्रफल से खरीद कर आचार वाली मक्का बोने वाले किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जायेगा। छोटे किसानों को डेयरी स्थापित करने में मदद की जाएगी। क्योकि उनको बैंकों द्वारा ऋण देने में रूचि नहीं होती। फार्म मशीनरी बैंको में साईलेज मेंकिग मशीनों को शामिल कर अधिक से अधिक समूहों या व्यक्तिगत लोगों को मशीने देकर किसानों की साइलेज वाली मक्का का उचित मूल्य दिलाना परन्तु धान तो प्रतिवधित कर दिया, लेकिन किसानोंकी उक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया, जिससे मौसमी धान भी किसानों को 1600 रुपये प्रति कुन्तल से 2000 प्रति कुन्तल में बेचना पड़ा, जिससे किसानों को 600 रुपये प्रति कुन्तल के लगभग आर्थिक हानि हुई। इसी प्रकार ग्रीष्म कालीन मक्का में भी आर्थिक हानि हुई। इसलिए प्रतिबन्ध पर पुन: विचार करना एवं समीक्षा करना अति आवश्यक है। जिसके लिय पूर्व में अपर जिलाधिकारी को जनवरी माह के अन्त में ज्ञापन भी दिया गया था जिसका कोई प्रति उत्तर सम्बन्धित द्वारा नहीं दिया गया। एडीएम ने कहा कि इस मामले को लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी जिसमें किसानों को भी शामिल किया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने गदरपुर से अरविंद यादव को सौंपी चुनावी जिम्मेदारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री से लखनऊ स्थित उनके आवास पर अरविंद यादव, राष्ट्रीय महासचिव, समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड ने साथियों सहित शिष्टाचार भेंट की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर विस्तृत रणनीतिक चर्चा की गई। विशेष रूप से विधानसभा गदरपुर की संगठनात्मक स्थिति, बूथ स्तर की मजबूती तथा चुनावी तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

अरविंद यादव ने गदरपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों की अद्यतन सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपते हुए बताया कि क्षेत्र में संगठन को सशक्त बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। अखिलेश यादव ने गदरपुर विधानसभा को प्राथमिकता क्षेत्र बताते हुए संगठन को और मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रिय टीम तैयार करने तथा अधिक से अधिक युवाओं और सम्मानित नागरिकों को पार्टी से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अरविंद यादव को विधानसभा गदरपुर से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी सौंपी और पूर्ण मनोयोग से क्षेत्र में सक्रिय रहने को कहा। इस अवसर पर अरविंद यादव ने बंगाली समाज की समस्याओं और सामाजिक स्थिति पर आधारित पुस्तक "छिन्न मूल" राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट कर क्षेत्र की जमीनी परिस्थितियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में अरविंद यादव, ललित मोहन भट्ट, अतुल शर्मा, दीपक कुमार एवं राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# एक दर्जन से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण, नमूने भी लिए



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर रामनगर क्षेत्र के पीरूमदारा में किराना एवं मिठाई के एक दर्जन से अधिक विक्रेताओं के खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही दो विक्रेताओं से गुणवत्ता जांच के लिए संदेह के आधार पर गुजिया एवं मैदा का 01-01 खाद्य नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गया है।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया आगामी त्योहारों होली एवं रमजान को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री को विक्रय करने,बिना बिल के खरीद न करने और स्टॉक का विवरण रखने,खाद्य सामग्री का विक्रय एवं भंडारण न करने ,अपने स्टोर का नियमित रूप से साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के साथ बाजार में रंग बिरंगी बेची जा रही कचरी को विक्रय न करने के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा।

# सेवानिवृत्त हुए मोहन सिंह का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** गढ़वाल कुमाऊं विकास समिति के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि गढ़वाल राइफल्स से सेवानिवृत्त हुए मोहन सिंह को उनके उज्ज्वल एवं गौरवपूर्ण सैन्य जीवन के लिए बधाई देते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 12 गढ़वाल राइफल्स जैसी वीर परंपराओं वाली रेजिमेंट में रहकर आपने मातृभूमि की रक्षा, अनुशासन और समर्पण का जो अद्वितीय उदाहरण दिया है। वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। देश की सीमाओं पर उनकी निष्ठा, साहस और त्याग ने राष्ट्र को सुरक्षित और गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि उनका यह योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

# सेना से सेवानिवृत्त हुए पुरुष मौर्य व सुभाष मौर्य का हुआ भव्य स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर में गर्व और सम्मान का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे पुरुष मौर्य एवं सुभाष मौर्य का समाज एवं नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

दोनों सैनिकों ने वर्षों तक देश की सेवा करते हुए सीमाओं पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सम्मान में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों ने पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया। और देशसेवा के प्रति उनकी सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीर सपूत समाज के लिए प्रेरणा हैं। और युवाओं को उनसे देशभक्ति एवं अनुशासन की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम देशभक्ति नारों के साथ सम्पन्न हुआ और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर नन्हे सिंह मौर्य, सुरेन्द्र मौर्य, जोनी मौर्य,देवेंद्र मौर्य, सुरेश मौर्य, बसन्त मौर्य, पवन मौर्य, नरेन्द्र मौर्य, भूपराम, महेश मौर्य, वीर सिंह, नरेश सेठ, खुशनन्दन बुद्धा आदि मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र लल्ला बाबू को मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने और गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राम बहादुर पुत्र श्री पूरन लाल
मूल निवासी- क्कुदापुर उर्फ अटा, बरेली, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी- गांधी नगर, वार्ड नं.-2, ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-859/नामा०सूचना/2025-26 दिनांक-2/3/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-10 क्रमांक 02 पर श्री प्रेमचन्द, श्री रजनेश कुमार, श्री राजकुमार, श्री उमेश चन्द पुत्रगण श्री महेश चन्द का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 708 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री विनोद कुमार वर्मा, श्री अर्जुन कुमार वर्मा पुत्रगण श्री राजकिशोर वर्मा निवासी वार्ड नं.- 07, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के जरिये उक्त 03 दुकानों में से 01 दुकान का अपने माग से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-857/नामा०सूचना/2025-26 दिनांक-28/2/2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-09 क्रमांक 56 पर नफीस अहमद पुत्र रसीद अहमद का नाम अंकित है, जो कि गलत अंकित है। इनके द्वारा अपने आवेदन प्रार्थना / शपथ पत्र के साथ संलग्न आधार कार्ड, पहचान पत्र व बच्चों के दस्तावेजों में अपना नाम नफीस अहमद उर्फ नफीस सलमानी एक ही पुरुष के दो नाम है। नफीस सलमानी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर नगर पालिका के गृहकर अभिलेखों में अपना नाम नफीस सलमानी पुत्र रसीद अहमद दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है, कि भविष्य में मुझे नफीस सलमानी के नाम से जाना जाये, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार इस सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपित्त पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# चौथे दिन भी युवाओं का उत्साह रहा बरकरार

■ बोले मेजर जनरल मनीष कुमारः युवा ही देश की ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा / चम्पावत।** जनपद के बनबसा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का चौथा दिन जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं का साक्षी बना। सोमवार को जनपद की विभिन्न तहसीलों से आए लगभग 700 से अधिक युवाओं ने जनरल ड्यूटी, ट्रेडमैन एवं तकनीकी पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। रैली स्थल पर युवाओं में देशसेवा का जज्बा स्पष्ट रूप से झलक रहा था, वहीं संपूर्ण आयोजन में सेना के अधिकारियों का नेतृत्व, सूझबूझ और अनुकरणीय कार्यशैली विशेष रूप से प्रशंसनीय रही।



मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के कुशल मार्गदर्शन में पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और अत्यंत सुव्यवस्थित प्रबंधन के साथ संचा. लित की जा रही है। सेना के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक चरण की बारीकी से निगरानी की जा रही है, जिससे अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिल सके। सेना के सेवा अधिकारियों की कार्यकुशलता, अनुशासनप्रियता और दूरदर्शिता इस आयोजन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। उनकी सशक्त नेतृत्व क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता के कारण युवाओं को एक सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायी वातावरण प्राप्त हुआ। व्यवस्थाओं की सूक्ष्म योजना, समयबद्ध संचालन और तकनीकी सटीकता ने भर्ती प्रक्रिया को आदर्श स्वरूप प्रदान किया है। भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी गई हैं।

मेजर जनरल मनीष कुमार ने बताया कि बनबसा मिलिट्री स्टेशन में चल रही यह भर्ती रैली न केवल युवाओं के सपनों को नई दिशा दे रही है, बल्कि सेना के अधिकारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट समर्पण की भी सशक्त मिसाल प्रस्तुत कर रही है। इस दौरान भर्ती निदेशक कर्नल राहुल मेलगे नारायण, एआरओ पिथौरागढ़, कर्नल सत्यजीत बेबले निदेशक, आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) मेरठ कर्नल महेश कुमार, कीर्ति चक्र, सेना मेडल निदेशक, आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) अल्मोड़ा सहित सेना के अधिकांश अधिकारी मौजूद रहे।

# नशे की हालत में युवक ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नशे की हालत में युवक ने खुद को बाथरूम में कैद करके ब्लेड से गला रेत लिया। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने युवक को बहार निकाला और घटना की सूचना नंबर 112 पर दी। खून ज्यादा बहने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सोमवार दोपहर लगभग एक बजे भूड़ महोलिया वार्ड नंबर 12 निवासी नशे का आदी अविवाहित दीपक सिंह पुत्र बहादुर सिंह 32 वर्ष खुद को बाथरूम में बंद कर लिया और ब्लेड से अपना गला काट लिया। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने खून से लतपथ युवक को बाथरूम से बाहर निकाला और पुलिस को 112 पर घटना की सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची अत्यधिक खून बहने से युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक के बड़े भाई प्रकाश सिंह ने बताया कि दीपक सिंह ने सुबह छत से कूदकर आत्म हत्या करने का भी प्रयास किया था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक अपने पीछे बड़ा भाई प्रकाश सिंह, मझला भाई कमल सिंह, माता देवकी देवी तथा पिता बहादुर सिंह को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस खटीमा भेज दिया। इस दौरान मौके पर खटीमा सीओ विमल रावत, कोतवाल विजेंद्र शाह, एसआई किशोर पंत तथा मोहन रंसवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महालक्ष्मी किट पाकर खिल उठे महिलाओं के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** ग्राम महेशपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय में सोमवार को महालक्ष्मी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 16 लाभार्थी महिलाओं को किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भारती सैनी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सैनी ने संयुक्त रूप से महिलाओं को किट वितरित की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भारती सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अन्य महिलाओं को भी इसके प्रति प्रेरित करें। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सैनी ने भी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शांति , पूजा सैनी के अलावा नेमवती, सहाना, राखी, अंजलि, कल्पना, ज्योति, शाहिनूर, प्रीति सैनी, सबीना, जायदा, आरती सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### फायरिंग करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने रामनगर के ग्राम कांदला क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के घर पर परिजनों के साथ फायरिंग करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

गुरमीत सिंह पुत्र जनरैल सिंह निवासी ग्राम कंदला , रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिन रविवार सुबह को अर्जुन पुत्र गुरदास सिंह निवासी ग्राम कंदला रामनगर,सुमित्रो कौर पुत्री गुरदास सिंह निवासी ग्राम कंदला रामनगर,रोहित गुज्जर निवासी रामनगर,हितेश निवासी रामनगर हिमांशू निवासी रामनगर के द्वारा तमंचो,तलवार आदि के साथ उसके घर में घुस गए और बिना किसी बात के गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से पिस्टल, तमंचो से गोलियॉ बरसाने शुरू कर दी, जिससे वह और उसके परिजन बाल बाल बच गए और घर में छिप कर जान बचाई। पीड़ित व्यक्ति और उसके परिजनों ने आरोपियों का विरोध किया तो उन्होंने तलवार से हमला कर दिया किया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि आरोपी उनसे बिना किसी बात के रंजिश रखते हैं और भविष्य में उनके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएंगी। पुलिस टीम का गठन किया गया है, आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### नगर निगम में जमकर उड़ा अबीर गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



महापौर ने अधिकारियों, कर्मचारियों पार्षदों संग खेली होली

**रुद्रपुर।** नगर निगम परिसर सोमवार को रंगों और फागुनी गीतों के उल्लास में सराबोर रहा। महापौर विकास शर्मा की विशेष पहल पर आयोजित भव्य 'होली मिलन समारोह' में नगर निगम परिवार के बीच ऊंच-नीच और पद का भेद मिटाकर सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में महापौर ने निगम के अधिकारियों, पार्षदों और विशेषकर पर्यावरण मित्रों के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और पारंपरिक होली गीतों पर थिरकते नजर आए। होली मिलन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं की टोलियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक कुमाऊंनी और ब्रज की होली रही। महिलाओं ने 'मुझे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिन में', मेरा झुमका हो गया लाल रसिया होलिन में' और जल कैसे भरूं जमुना गहरी जैसे गीतों से पूरे परिसर को भक्ति और आनंद के रंग में सराबोर कर दिया। इसके साथ ही आज ना छोड़ेंगे, होली खेले रघुवीरा और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे सदाबहार बॉलीवुड गीतों पर महापौर और निगम कर्मियों ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, पार्षद प्रमोद शर्मा, राजेश जग्गा, सुशील चौहान, सौरभ बेहड़, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, गौरव खुराना, पवन राणा, सौरभ शर्मा,विष्णु, सोनू मुल्तानी, अंकित कुमार, संदीप आजाद, लक्ष्मण चौहान, मुकेश राजौरिया, रंजीत कुमार, अशोक राजपाल, मुकेश सिंह, राजपाल सिंह और विनोद सहित भारी संख्या में निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाजपुर में होली से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

■ सीओ विभव सैनी व कोतवाल नरेश चौहान ने हुड़दंगियों को दी कड़ी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सीओ विभव सैनी एवं कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।



फ्लैग मार्च पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजार, संवेदनशील इलाकों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति एवं सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ विभव सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर हुड़दंग मचाने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर एसएसआई विक्रम सिंह धामी, एसएसआई कैलाश चन्द्र नगर कोठी, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी अशोक कांडपाल, बरहैंनी चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, दोराहा चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल सहित अन्य पुलिसकर्मी और नगर पालि. का के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठुलीगाड़ पंपिंग योजना के 450 केएल जल टैंक का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

■ जलाशय में साफ-सफाई पर सख्ती, गुणवत्ता परीक्षण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई द्वारा ठुलीगाड़ पंपिंग योजना अंतर्गत 450 केएल क्षमता के जल संचय टैंक का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जलाशय एवं रिजर्वॉयर क्षेत्र में अपेक्षित साफ-सफाई न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल का सैंपल संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, उत्तराखण्ड जल संस्थान सुरेश जोशी ने अवगत कराया कि जनपद में पेयजल आपूर्ति को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु टैंक का नियमित अनुरक्षण एवं सफाई कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल गुणवत्ता परीक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए तथा टैंकों की सफाई निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अनिवार्य रूप से कराई जाए। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लाप. रवाही न हो तथा शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनपदवासियों से जल संरक्षण को प्राथमिकता देने तथा पेयजल संबंधी समस्या की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की गई है। निरीक्षण के दौरान जल संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चतुर्दशी पर ऋषेश्वर महादेव मंदिर में गूंजी शिव होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चतुर्दशी के पावन अवसर पर ऋषेश्वर महादेव मंदिर में रायनगर चौड़ी की पारंपरिक होली ने भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। जैसे ही होलियारों की टोली मंदिर परिसर पहुंची, पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। युवाओं और बुजुर्गों ने एक स्वर में शिव की मनमोहक होली गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

"शिव की जटा गंवीरवा में गंगा समायो रे" और "छाई रहे हो नाथ जंगल में" जैसे पारंपरिक होली गीतों ने माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु भी सुरों की इस धारा में डूबते नजर आए। भैरव राय, पूरन जोशी, रमेश राय, मोहन राय, गंगा दत्त राय, दीपक राय, ईश्वरी दत्त कापड़ी, कमल राय, जगदीश राय, गणेश राय, भास्कर भट्ट सहित अनेक होलियारों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गायन किया। ढोल की सधी हुई थाप नीरज राय और विकास कापड़ी ने संभाली, जबकि मंजीरे पर हरीश राय ने ताल मिलाकर प्रस्तुति को और प्रभावशाली बना दिया ।

# 29 शिकायतें दर्ज, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रशासनिक पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में 'जनता मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की।

जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों पर केवल प्रक्रिया बताने तक सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जो प्रकरण तत्काल निस्तारित किए जा सकते हैं, उनका मौके पर ही समाधान किया जाए, जबकि शेष मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर आख्या प्रस्तुत की जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






# पत्रकार असद जावेद की माता का हुआ निधन, जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भूड़ निवासी असद जावेद की माता फरीदा खानम(68) पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। जिनका उपचार बरेली के एक नीजि अस्पताल में चल रहा था।

सोमवार को उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में उनका निधन हो गया। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। ,

उनके निधन पर जनप्रतिधि, पत्रकार व क्षेत्रवासियों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार डिग्री कॉलेज रोड स्थित कब्रिस्तान में किया गया।

शोक व्यक्त करने वालों में नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, विधायक भुवन कापड़ी, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, राशिद अंसारी, उमेश राठौर, नासिर खान, मोहसिन बेग, प्रेम प्रकाश जोशी, डॉ. प्रदीप बड़वाल, अखिलेश जोशी, फरियाद, दिनेश चंद, पत्रकार हीरा राजपूत, स्वतंत्र प्रकाश आजाद, शंकर पलियाल, केदार सोनकर, दीपक फुलेरा, इस्त्याक अंसारी, मुस्तकीम मलिक, विनीत राणा, प्रवीन कोहली, अनीस अहमद, अशोक सरकार, नन्दन सिंह खड़ायत, गोपाल बोरा, अरूण रोहिला, गुरदेव सिंह खिण्डा, आरिफ, सुरेन्द्र कुमार, अफजाल, अफजल अंसारी, रवीश भटनागर, हरि नारायण अग्रवाल समेत नगर के तमाम लोग मौजूद थे।

# लापरवाही पर इंजीनियर का वेतन रोका

■ बुजुर्गों को प्रताड़ित करने वालों पर केस दर्ज करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में जन समस्याओं का निस्तारण किया गया। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल ९२ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें भूमि विवाद, अवैध कब्जे, आर्थिक सहायता और पारिवारिक प्रताड़ना के मामले प्रमुख रहे।



जिलाधिकारी ने शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए लाप. रवाह अधिकारियों और बुजुर्गों का उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ कड़े निर्देश जारी किए।एचडीसी कॉलोनी निवासी बुजुर्ग एल.एन. नौटियाल ने कॉलोनी में घटिया निर्माण के कारण सीवर चौंबर धंसने और सड़क टूटने की शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा।

जनसुनवाई से अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने अधिशासी अभियंता का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए और एडीएम को मामले की जांच सौंपी।जनता दरबार में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जिलाधिकारी ने कड़े कदम उठाए। राजीव नगर निवासी वृद्धा मंजू देवी को संपत्ति के लिए प्रताड़ित करने वाले उनके बेटे-बहू के खिलाफ श्भरण-पोषण अधिनियमश के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए। वहीं, डोईवाला की एक अन्य बुजुर्ग महिला को धमकाने वाले उनके बेटे पर श्सीनियर सिटीजन एक्टश के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। डीएम ने बुजुर्ग महिला को सुरक्षित घर पहुँचाने के लिए 'सारथी वाहन' की व्यवस्था भी कराई।



















# स्कूलों में बच्चों ने जमकर खेली होली

## आनंदपूर्ण माहौल में रंगों पर आधारित प्रस्तुतियों ने मोह लिया लोगों का मन





**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों चारों ओर होली की धूम मची है। इस धूम में जहां युवा व बुर्जुग प्राथमिकता से प्रतिभाग कर रहे हैं वहीं छोटे-छोटे स्कूली बच्चों में भी होली के प्रति काफी उत्साह नजर आ रहा है। सोमवार को नगर के विभिन्न स्कूलों में बच्चों ने होली के दौरान अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। नगर के प्रतिष्ठित लौंग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक होली फेट व होली महोत्सव को आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय तथा विभिन्न जगहों से आए हुए कलाकारों ने प्रस्तुति दी। उन्होंने विभिन्न रागों पर आधारित मनमोहक होली गायन से सभी को मंत्रमुग्ध किया अन्य कार्यक्रम मे कलाकारों ने पारम्परिक होली गायन तथा राधा कृष्ण नृत्य का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया, तत्पश्चात् होली फेट का अयोजन किया गया जिसमे छात्रों तथा अतिथियों को होली का पारंपरिक भोजन परोसा गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्या कविता सनवाल समेत प्रभात साह गंगोला, राजेन्द्र कण्डपाल, जया पाठक, प्रवीण उप्रेती, पंकज साह, आनन्द बिष्ट, शर्मिष्ठा बिष्ट समेत सभी गुरुजन व कर्मचारीगण व छात्र उपथित थे। नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय परिसर में रंगों के पर्व होली का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस विशेष मौके पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हर्बल रंगों का उपयोग करते हुए जमकर मस्ती की जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा कार्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगों की खुशियों के साथ हुई जहां विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता रावत द्वारा बच्चों को पिचकारियाँ वितरित की गईं। बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं दौड़ों का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विजेता बच्चों को नगर की समा. जसेवी व भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनकी प्रतिभा की सराहना की गई। पूरे परिसर में उत्सव का वातावरण देखने को मिला और सभी ने मिलकर होली की खुशियां साझा कीं। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया और सभी ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व को आनंदपूर्वक मनाया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी,अनीता बोरा, आशा जोशी, विक्रम सिंह रावत, किरन मेर, लता फर्त्याल, रुचि साह, पल्लवी जोशी, हर्षिता आर्या, किरन रतूड़ी, तुलसी व पूनम एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। नगर के प्रतिष्ठित रामा मॉन्टेसरी स्कूल परिवार ने बच्चों को होली के महत्व व होली से जुड़ी कथा के बारे में बताया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम व होली से होली से संबंधित अभिनय पेश किए। स्कूल परिवार के मुताबिक इन कार्यक्रमों को कराने का मकसद न केवल बच्चों का उत्साहवर्धन करना बल्कि आने वाली युवा पीढ़ियों को अपनी भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। इस अनूठे कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या समेत पूरे स्कूल परिवार ने बच्चों के साथ रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया।



## नन्हें कदमों से गूंजा ऑल सेंट्स कॉलेज परिसर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को प्री-प्राइमरी विंग का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर नन्हें बच्चों की मधुर किलकारियों से सराबोर रहा। इस विशेष अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने नन्हें विद्यार्थियों का हस्तनिर्मित फूल एवं चॉकलेट भेंट कर स्नेहिल स्वागत किया। वरिष्ठ छात्रों का यह स्नेहपूर्ण प्रयास भविष्य की नई पीढ़ी के प्रति उनके अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या एंजिना रिचड्र्स ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर को आकर्षक चित्रों और शिक्षणसामग्री से सजाया गया थाए जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय और आकर्षक प्रतीत हो रहा था। नन्हे बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण गतिविधियोंए कहानी,कथन, संगीत और रचनात्मक कार्यों का आयोजन किया गया ताकि उनका पहला दिन सहजए रोचक और यादगार बन सके। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों को कक्षाओं तक पहुँचाने में भी सहयोग कियाए जिससे उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव विकसित हुआ।

## आज रात को चंद्रमा भी खेलेगा लाल रंग से होली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मंगलवार यानी आज रात को संयोगवश होली के अवसर पर पूर्ण चंद्र ग्रहण होने वाला है। पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय सूर्य का कुछ प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होते हुए चंद्रमा पर पड़ता है। हमारा वायुमंडल सूर्यप्रकाश के रंगों में से बैंगनी और नीले रंगों को ज्यादा बिखेरता है और लाल और नारंगी रंगों को कम बिखेरता है। अत: सूर्यप्रकाश का लाल रंग लगभग सीधे चंद्रमा पर पड़ता है जिससे चंद्रमा गहरे लाल रंग का प्रतीत होता है। बता दें कि मंगलवार (आज) के चंद्र ग्रहण में भी ऐसा होगा तो सही परंतु भारत के अधिकांश हिस्सों से ये लाल नहीं दिखेगा ऐसा क्योंकि चंद्र ग्रहण के समय सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी होती है जिससे पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस छाया के दो प्रकार होते हैं गहरी छाया यानी प्रच्छाया और हल्की छाया यानी उपच्छाया। जब पृथ्वी की प्रच्छाया चंद्रमा को पूरी तरह से ढँकती है तभी पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देता है अन्यथा आंशिक चंद्र ग्रहण होता है। आंशिक चंद्र ग्रहण के समय पूर्णिमा होते हुए भी चंद्रमा अधूरा प्रतीत होता है। हालांकि मंगलवार (आज) के ग्रहण का पूर्ण चरण पूर्वी एशिया के देशों से ही दिखाई देगा। ग्रहण की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे से तथा पूर्णता की शुरुआत शाम 4.34 बजे से होनेवाली है जब चंद्रमा पूर्वी क्षितिज से बहुत नीचे होगा। इसके कारण भारत में केवल पूर्वोत्तर के पूर्वी हिस्सों से चंद्रोदय के बाद पूर्ण ग्रहण का अंत होता हुआ दिखाई देगा। उत्तराखंड सहित भारत के शेष हिस्सों में पूर्णता समाप्त होने के बाद चंद्रोदय होगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मनोरा पीक परिसर नैनीताल से चंद्र ग्रहण की जानकारी का एरीज के यूट्यूब चैनल पर शाम 5.30 बजे से सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) किया जाएगा।

## एक नजर

### चौड़ीकरण के कार्य की समय सीमा हो: गुरुरानी

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ से निवेदन किया कि बंदरलीमा के पास जो ग्रेफ के माध्यम से सड़क के चौड़ीकरण के लिए पहाड़ी कटिंग का काम किया जा रहा है उसमें समय का निर्धारण किया जाए। गुरुरानी ने कहा है कि इससे स्थानीय जनता व पर्यटकों को व बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को अवागमन में परेशानी हो रही है। और समय की बर्बादी हो रही है। कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि व कार्य करने वाली संस्था ग्रेफ को एक समय जिस समय यह कार्य होगा देने का निर्देशित करें ताकि आवागमन करने वाले लोग उक्त अवधि में आवागमन नहीं करेंगे और यात्रियों पर्यटकों का समय भी बर्बाद नहीं होगा।

### नैनीताल में होली पर मिलावटखोरी पर सख्ती

**नैनीताल।** होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने नैनीताल में मिलावटखोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को नैनीताल के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानों, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान टीम ने मल्लीताल स्थित मामुज व साह एंड ब्रदर्स से खोया का सैंपल लिया। इसके अलावा सरस्वती मिष्ठान भंडार से गुजिया तथा तल्लीताल के गंगा स्टोर से चिप्स का नमूना संग्रहित किया गया। सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें बढ़ जाती हैं जिसको ध्यान में रखते हुए विभाग सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को साफ सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी साथ ही उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वे संदिग्ध खाद्य सामग्री की शिकायत विभाग को दें।

### गैरीखेत गांव में बाघिन दिखने से दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल के दूरस्थ क्षेत्र गैरीखेत गांव में बाघिन व उसके दो बच्चों के दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना के बाद विभाग ने क्षेत्र में टीम भेज दी है, साथ ही लोगों से सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना के अनुसार गैरीखेत गांव में एक बाघिन घूमती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि बाघिन के साथ दो बच्चे भी हैं। ग्रामीणों को देखने के बाद उन पर हमला करने का प्रयास भी कर रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बाघिन से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में भेज दी है। बताया कि दिखने वाला जानवर बाघ है या तेंदुआ इसका सही पता देखने के बाद पता लग पायेगा। फिलहाल लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

### गैर पंजीकृत गाइड का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में गैर पंजीकृत गाइड को बीच सड़क वाहन रोक पर्यटकों को परेशान करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर चेतावनी देकर छोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड के समीप एक युवक वाहन को रोक पर्यटकों को होटल के कमरे दिलाने की बात कर रहा था। बार-बार सड़क किनारे वाहन रोकने के चलते यातायात बाधित हो रहा था। बार-बार अनाउंसमेंट के बाद भी जब युवक नहीं माना तो पुलिस उसको कोतवाली ले आई। जहां युवक खुद को पंजीकृत गाइड बताने लगा। जब पुलिस ने उसकी आईडी की जांच की तो वह पूर्व में एक्सफायर निकली। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मल्लीताल पिलग्रिम लॉज निवासी मो. तालिब के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है। कहा कि गैर पंजीकृत गाइडों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### होली पर नैनीताल में दमकल विभाग अलर्ट

**नैनीताल।** होली पर्व के मद्देनजर नैनीताल में अग्नि सुरक्षा को लेकर दमकल विभाग को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौरव किरार ने अग्निशमन अधिकारियों को त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। सीएफओ किरार ने एफएसओ डीएस नेगी को निर्देशित किया कि होली के दौरान सभी फायर स्टेशन पूरी तरह सक्रिय रहें और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए टीम व उपकरण पूरी तरह तैयार स्थिति में रखें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान आग. जनी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि फायर कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए तथा अग्निशमन वाहनों को हर समय तैयार रखा जाए, ताकि सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जा सके।

### शोरूम में चोरी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** अज्ञात चोरों ने रामनगर रोड स्थित लिवाइस शोरूम में चोरी कर ली। पुलिस ने शोरूम के मैनेजर की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है। लिवाइस शोरूम के मैनेजर चरन सिंह पुत्र कक्कन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रामनगर रोड पर टूरिस्ट होटल के सामने लिवाइस (मैच पॉइंटज) ब्रांड का शोरुम है। वह शोरुम में मैनेजर के पद पर नियुक्त हैं। 28 फरवरी की सुबह जब उसने शोरुम खोला और उसमें लगे 6 एसी को चालू किया तो उसमे से गर्म हवा आने पर उसने छत पर जाकर चैक किया तो पता चला कि छह एसी कॉपर के पाईप अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किये जा चुके हैं, जिसके कारण भारी नुकसान हुआ है।

## दमकल विभाग के मुताबिक 20 लाख का हुआ नुकसान

**नैनीताल।** नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र में स्थित ब्रिटिशकालीन ग्लेनमोर कोठी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद सोमवार को दमकल विभाग ने मौके का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने आग लगने से करीब 20 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर देकर आग में कीमती सामान, जेवरात और जरूरी दस्तावेज जलने की बात कहते हुए मामले की जांच व क्षतिपूर्ति की मांग की है। बता दें बीते रविवार की दोपहर अज्ञात कारणों से ग्लेनमोर कोठी में आग लग गई थी। इसमें कोठी जलकर खंडहर में तबदील हो गई थी हालांकि क्षेत्रवासियों ने तत्परता दिखाते हुए भवन में रह रहे ललित तिवारी के एक कमरे का सामान और रसोई से गैस सिलेंडर बाहर निकालकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। हालांकि क्षेत्र तक जाने वाली सड़क संकरी होने के कारण बड़े फायर वाहन मौके तक नहीं पहुंच सके थे। इससे राहत कार्य प्रभावित हुआ था। लेकिन छोटे फायर टेंडर से ही दमकल ने आग पर काबू पाया। दूसरी ओर सोमवार को सीएफओ गौरव किरार ने विभागीय टीम के साथ मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार से नुकसान की जानकारी ली। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि भवन के एक हिस्से में ललित तिवारी और दूसरे हिस्से में अनिल जोशी निवास कर रहे थे। दोनों परिवारों के कमरों में रखे सामान और भवन को मिलाकर लगभग 10-10 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। विधायक सरिता आर्य ने सोमवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# हो मुबारक... ऐसे होली खेले जनाबे आली

## भव्यता और दिव्यता लिए रहा श्री राम सेवक सभा का होली रंग जुलूस



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित दस दिनी 30वें फागोत्सव के तहत सोमवार को होली रंग जलूस का विशेष आयोजन किया गया जिसमें सभा की ओर से एक कुंतल रंग का प्रयोग किया गया।

इससे पूर्व रंग जलूस सभा भवन से प्रारंभ हुआ जो आर्य समाज मंदिर होते हुए मल्लीताल की सभी बाजारों से होते हुए वापस सभा भवन पहुंचा। इस दौरान रंगों की बौछार से पूरा मल्लीताल बाजार सराबोर हुआ। होली जलूस में होलियार कैलाश जोशी, हीरा रावत, बिमल चौधरी, आनंद सिंह बिष्ट, भीम सिंह कार्की, भुवन बिष्ट, बिमल चौधरी, गिरीश जोशी, पारस तथा रक्षित ने बुराशी का फूला..., हो हो सो नखरे होली लाग रे..., हो मुबारक मंजर फूलों भरी ऐसे होली खेले जनाबे अली... गाकर वातावरण को रंग से भर दिया। खास बात यह रही कि होली जलूस में बच्चों, युवाओं तथा बुर्जुर्गो ने भी उत्साह से प्रतिभाग किया। जलूस में रंग के साथ फूलों की होली भी खेली गई।

शाम को होली दहन तथा पूजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग एवं पर्यटक शामिल हुए उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। होली रंग जलूस में विधायक सरिता आर्य, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल समेत वरिष्ठ वनाधिकारी व पूर्व वन संरक्षक डा. कपिल जोशी, सभा के अध्यक्ष मनोज लाल साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, कोषाध्यक्ष विमल साह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत देवेंद्र लाल साह, कमलेश ढौंडियाल,डा. मोहित सनवाल, मिथिलेश पांडे, हिमांशु जोशी, पालिका सभासद भगवत रावत, जितेंद्र पांडे, रमेश प्रसाद समेत मोहित लाल साह, भीम सिंह कार्की, कैलाश बोरा, हरीश सिंह राणा, राजेंद्र सिंह बजेठा, गिरीश भट्ट, मिथिलेश पांडे, आनंद सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह, अदिति खुराना, हिमांशु जोशी, पुष्पा बवाड़ी, चंदन जोशी, सुमन साह तथा प्रो. ललित तिवारी उपस्थित रहे।

# 'गुलमोहर हाउस' में होली की धूम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लामाचौड़ का 'गुलमोहर हाउस' उस समय पैक हो गया जब होली कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए उसमें भारी संख्या में लोग पहुंच गए। इतनी संख्या में होलियारों और गणमान्य लोगों के पहुंचने से होली की मस्ती डबल हो गयी। होली को मिलने जुलने और एक-दूसरे को गले से लगाने का सबसे सुनहरा मौका माना जाता है। लोग मस्ती में एक-दूसरे से बातों ही बातों में मज़े लेते हैं तो रंग उस मस्ती को और भी दोगुना कर देता है। गुलमोहर हाउस में सोमवार को यही सब हुआ। समाजसेवी तनुजा जोशी के आवास पर इस बार होली पर्व बेहद धूमधाम से मनाया गया। यहां पर महिला-पुरुषों ने होली गीतों पर नृत्य किया और वातावरण में रंगों की खुशबू भर दी। सभी ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, जो इस पर्व की विशेषता रही। तनुजा जोशी ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा होली रंगों का पर्व ही नहीं, बल्कि यह भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और इस पर्व को समाज में प्यार, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर बताया। इस खास मौके पर उशा मुकेश, दीपा, हेमा तिवारी, चंपा तिवारी, शालिनी, सीमा, आभा बोहरा, प्रोफेसर अतुल जोशी, मोहन जोशी, मुकेश जोशी, योगेश शर्मा, नीरज तिवारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती: 70 में से 55 चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण

**नैनीताल।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरुष व पीएसीए आईआरबी पुरुष) भर्ती की शारीरिक मानक दक्षता एवं लिखित परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण किया गया। इसमें 70 में से 55 अभ्यर्थी चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण हुए हैं। नैनीताल में पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में सोमवार को पहले चरण का स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया एसपी संचार रेवाधर मठपाल की अध्यक्षता में गठित पुलिस कमेटी की निगरानी में आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल के पर्यवेक्षण में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अभ्यर्थियों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण बीडी पांडे चिकित्सालय नैनीताल व डा. सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में संपन्न हुआ। इससे पूर्व पुलिस लाइन नैनीताल में अभयर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन व अन्य अनिवार्य औपचारिकताएं पूरी की गई। एसएसपी की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि दो मार्च को निर्धारित 70 अभ्यर्थियों में से 68 उपस्थित रहे इनमें 55 अभ्यर्थी चिकित्सा परीक्षण में सफल घोषित किए गए हैं। आईआरबी प्रथम जनपद नैनीताल से चयनित शेष अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण पांच मार्च को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा।

# यूजीसी गाइडलाइन के समर्थन में 15 मार्च को होगी सभा और रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूँगा में सभी सामाजिक संगठनों द्वारा यूजीसी गाइडलाइन 2026 के समर्थन में एक विशाल सभा



और रैली का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जीआर टम्टा ने की, जबकि संचालन गंगा प्रसाद ने किया। सभा में यूजीसी गाइडलाइन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को हटाने की मांग की गई और 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले 15 मार्च को एक विशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। रैली में प्रदर्शन कर सरकार से सदन में यूजीसी पर बिल लाने की मांग की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी गाइडलाइन जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद यूजीसी ने नए नियम बनाए हैं, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और दिव्यांगों के खिलाफ भेदभाव रोकने के प्रयास किए गए हैं। नई गाइडलाइन में संस्थानों में इक्विटी कमेटी और ईओसी समान अवसर प्रकोष्ठ की स्थापना, जातिगत भेदभाव की व्यापक परिभाषा, और शिकायतों के निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। सभा के बाद, यूजीसी समर्यन कार्यक्रम के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें जी आर टम्टा को संरक्षक नियुक्त किया गया। इस कमेटी में शंकर लाल, सुंदरलाल बौद्ध, नफीस अहमद खान, गंगा प्रसाद, विनोद कुमार पिन्नू और अन्य सदस्य शामिल हैं।

# मिताली जापान में करेंगी इंटर्नशिप

## कुमाऊं विश्वविद्यालय व परिवार का मान बढ़ाया, कुलपति ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल की बीएससी सातवें सेमेस्टर की मेधावी छात्रा मिताली नेगी का चयन जापान के प्रतिष्ठित जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में तीन माह की इंटर्नशिप के लिए हुआ है। यह इंटर्नशिप पूरी तरह से जापान के वित्तीय सहयोग से होगी। मिताली नेगी इस सप्ताह जापान के लिए रवाना होंगी। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत के जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के साथ लंबे समय से सशक्त अकादमिक संबंध रहे हैं। वे वर्तमान में जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में विज़िटिंग प्रोफेसर हैं। प्रो. रावत ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यकाल के दौरान जापान एडवांस्ड



इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के साथ अकादमिक सहयोग की शुरुआत की थी। दिसंबर में जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की यात्रा के दौरान उन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के साथ शैक्षणिक आदानद-प्रदान की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जिसके परिणामस्वरूप दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रत्येक वर्ष कुमाऊँ विश्व. विद्यालय के 2-3 छात्रों को अल्पकालिक इंटर्नशिप के लिए सहयोग प्रदान करेगा साथ ही यदि छात्र का कार्य उत्कृष्ट पाया जाता है तो उसे जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी प्रवेश का अवसर भी प्रदान किया जा सकता है। मिताली नेगी इस समझौते के तहत जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जाने वाली पहली छात्रा हैं जो विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कामयाबी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की अकाद. मिक परिषद ने यह प्रावधान किया है कि जो विद्यार्थी एक सेमेस्टर की इंटर्नशिप करते है उन्हें उस अवधि में कक्षाओं में उपस्थित होने अथवा परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे छात्रों का मूल्यांकन डिसर्टेशन के माध्यम से किया जाएगा जिसे परीक्षकों द्वारा आंका जाएगा। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के जन संपर्क अधिकारी प्रो. रीतेश साह ने बताया कि यह कामयाबी कुमाऊँ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अवसरों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका श्रेय कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत की दूरदर्शी पहल और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक नेटवर्क को जाता है।

## होली खुशी और उल्लास का पर्व: आशा शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी आशा शुक्ला ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और सभी से सुरक्षित तरीके से होली मनाने की अपील की। आशा शुक्ला ने कहा कि




होली हमारे पारंपरिक त्योहारों में से एक है, जो भाईचारे और एकता का प्रतीक है। इस दिन हम न केवल सुख-समृद्धि की कामना करते हैं, बल्कि खुशी और उल्लास का माहौल भी बनता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस होली को सुरक्षित और आनंदपूर्वक मनाने के लिए सभी एहतियात बरतें, ताकि कोई भी दुर्घटना न हो और होली का त्योहार पूरी सुरक्षा और सुकून के साथ मनाया जा सके। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए हानिकारक रसायनों से बचने की भी आवश्यकता है, ताकि त्योहार का उल्लास बिना किसी नुकसान के मनाया जा सके।

# गजब: डीपीसी के बाद पदोन्नति के बजाय मिला सेवामुक्ति का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के आडिट निद. ेशालय में उपनिदेशक के एक रिक्त पद पर पदोन्नति के लिए शासन में 27 फरवरी को शुक्रवार के दिन को विभागीय चयन समिति (डीपीसी) की बैठक हुई। उपनिदेशक के पद के लिए चयनित जिला लेखा परीक्षा अधिकारी किशन सिंह बिष्ट पदोन्नति आदेश का इंतजार करते हुए अगले दिन शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डे ने बिष्ट की पदोन्नति की आस पर हुए तुषारापात के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करते हुए सवाल उठाया कि जब पदोन्नति आद. ेश जारी ही नहीं करना था तो डीपीसी क्यों की गई। गौरतलब है कि तीन माह पूर्व उपनिदेशक मनोज कुमार सिंह की संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप उपनिदेशक



का यह पद रिक्त हुआ था। पांडे ने बताया कि वित्त अनुभाग-6 की ओर से अपर सचिव हिमांशु खुराना के हस्ताक्षर से 3 फरवरी को जारी कार्यालय ज्ञापन में पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली 2025 के तहत बिष्ट को नौ माह का शिथिलीकरण दिया गया था, जिसके बाद निदेशक आडिट की ओर से उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया। शासन के उप सचिव आलोक कुमार सिंह के हस्ताक्षर से 26 फरवरी को जारी पत्र में विभागीय चयन समिति की बैठक 27 फरवरी को सचिव वित्त के कक्ष में आहूत किये जाने की सूचना देते हुए स बंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया। शुक्रवार को स पन्न डीपीसी के बाद अगले दिन 28 फरवरी को शनिवार के दिन जिला लेखा परीक्षा अधिकारी नैनीताल के पद पर तैनात किशन सिंह बिष्ट की सेवानिवृति होनी थी। पाण्डे ने बताया कि पदोन्नति आदेश के इंतजार के साथ ही नैनीताल में उनकी विदाई समारोह की तैयारी भी चल रही थी। अपरान्ह में आडिट निदेशालय की ओर से सेवामुक्त आदेश के मिलते ही बिष्ट की पदोन्नति की आस पर तुषारापात हो गया।

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः–1462 / सूचना / नामपरि0 / कर–अनु0 / न0नि0रूड़की / 2025–26 दिनांकः 02.03.2026

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखों मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण / नामान्तरणों पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक / क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व / अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 90 / 1, मलकपुर | श्रीमति आरती देवी पत्नि राजेन्द्र सिंह बिष्ट | श्री विनोद देवी पत्नि इलम चन्द सैनी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 2 | 211, आदर्शनगर | श्रीमति कैलाश देवी पत्नि स्व0 रमेश कुमार | श्री चन्द्रवीर सिंह पुत्र देवी सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 3 | 1245, चावमण्डी | श्रीमति बिमला रावत पत्नि मातवर सिंह रावत पुत्री पदम सिंह | श्रीमति सत्येश्वरी देवी पत्नि पदम सिंह रावत | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 4 | 927 / 2डी–बी, आदर्शनगर | श्री राकेश कुमार पुत्र स्व0 ओमप्रकाश | श्री गुलाब गुप्ता पुत्र बलदेव गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 5 | 76(69), सिविल ला0 | श्रीमति संगीता गुप्ता पत्नि स्व0 संजय कुमार गुप्ता | श्री अजब सिंह पुत्र मंगत सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 6 | 343, आदर्शनगर | श्रीमति संगीता गुप्ता पत्नि स्व0 संजय गुप्ता व अजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश गुप्ता | श्रीमति शिमला देवी पत्नि स्व0 आनन्द प्रकाश गुप्ता | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 7 | 324 / 1, सिविल ला | श्री अमित सिंह पुत्र शीशपाल सिंह | श्री तारेराम पुत्र सुखे | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 8 | 1103, रामनगर | श्री गौरव कौशिक पुत्र सतीश कुमार कौशिक | अमित पाठक पुत्र स्व0 जुगल किशोर पाठक | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 9 | 847, चावमण्डी | श्री राजकुमार पुत्र परमानन्द | श्रीमति कमला देवी पत्नि राजकुमार | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 10 | 1197 / 1, रामनगर | श्री यश सैनी पुत्र स्व0 रविन्द्र कुमार व राजेन्द्र कुमार व योगेन्द्र कुमार व सुरेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 श्री रघुवीर सिंह | श्री नसीम अहमद पुत्र खलील अहमद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 11 | 240, राजपुताना परि | श्री नावेद कुरैशी पुत्र हाजी महबूब | श्रीमति सीमा सहदेव पत्नि राकेश कुमार सहदेव व श्रीमति वन्दना सहदेव पत्नि दिनेश कुमार सहदेव | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 12 | 574, पूर्वावल्ली | श्री अनिल कुमार पुत्र प्रेमचन्द बंसल व निर्देश कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार | श्री विवेक गोयल पुत्र सुरेष चन्द | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 13 | 745 / 1, पूर्वावल्ली | श्री गौरव अरोडा पुत्र षिवचन्द्र अरोडा | श्रीमति सुनीता जोशी पत्नि अजय जोशी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 14 | 84, शेखपुरी | श्री वासु वर्धन पुत्र हर्षवर्धन | श्रीमति निर्मल कश्यप पत्नि हरीशचन्द्र कश्यप | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 15 | 915 / 1, माहिग्रान | श्रीमति हुसनजहां पत्नि सुल्तान अन्सारी पुत्री मजीद | श्रीमति रिहाना बेगम पत्नि मौहम्मद इनाम पुत्री मजीद | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 16 | 281, रामनगर | श्रीमति अंजू सैनी पत्नि कुलदीप सैनी पुत्रवधू रतन लाल | श्रीमति सुशीला सैनी पत्नि रतन लाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 17 | 157, बी0टी0 गंज | शमशाह अहमद पुत्र मरहूम मौहम्मद अतहर व श्रीमति जीनत अजीम पत्नि शमशाद अहमद | श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री आमीशाह | षपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 18 | 1468, अ0ता0 परि0 | श्री हरीश कुमार पुत्र स्व0 ब्रहम सिंह वर्मा | श्रीमति अमरवतीरानी पत्नि स्व0 ब्रहम सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 19 | 198, बी0टी0 गंज | श्रीमति जीनत अजीम पत्नि शमशाद अहमद | श्री अवधेश कुमार, ब्रजेश कुमार पुत्र स्व0 योगेश्वर प्रसाद व शेखर सिंघल, अनुभव कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 20 | 404 / 3सी / 1, मलकपुर | श्रीमति अमृता देवी पत्नि गौरव चौहान पुत्र उमेश चौहान | श्रीमति सरला देवी पत्नि उमेश चौहान | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 21 | 1095, रामनगर | श्री ललित कुमार पुत्र भीम चंद व श्रीमति बबिता कुमार पत्नि ललित कुमार | श्री सोहन लाल पुत्र भगवान दास | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 22 | 449, पूर्वावल्ली | श्री प्रवीण कुमार पुत्र स्व0 हरिचन्द दत्ताक पुत्र बाबूराम | श्री हरीशचन्द पुत्र गंगाराम व प्रवीण कुमार दत्ताक पुत्र स्व0 बाबूराम | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 23 | 1212, गणेशपुर | श्रीमति अमरेश पत्नि स्व0 सुनील कुमार व सन्नी राणा पुत्र स्व0 सुनील कुमार | श्री सुनील कुमार राणा पुत्र मेहर चन्द | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 24 | 188, चावमण्डी | श्री राजीव कुमार पुत्र स्व0 महावीर सिंह | श्रीमति राजबाला पत्नि स्व0 महावीर सिंह | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 25 | 83, गणेशपुर के अलग–अलग भाग में | श्री राकेश कुमार त्यागी व आनन्द त्यागी पुत्रगण स्व0 लक्ष्मी चन्द त्यागी व विकास त्यगी व विशाल त्यागी पुत्रगण स्व0 चन्द्रमुनि त्यागी | श्री राकेश व आन्नद व विकास व विषाल पुत्र चन्द्रमूनी त्यागी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 26 | 52, मलकपुर | श्री हिमांशु पुत्र श्रवण कुमार | श्री पदम सिंह पुत्र स्व0 राम आधार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 27 | 357, गणेशपुर | श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व0 हरिकृष्ण शर्मा व ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व0 हरिकृष्ण शर्मा | श्री हरिकृष्ण शर्मा पुत्र रामजीलाल शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 28 | 1230, चावमण्डी | श्रीमति नेहा पत्नि विनय कुमार व अमित कुमार पुत्र मदनपाल | श्रीमति सुशीला देवी पत्नि मदन पाल सिंह | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 29 | 894, गणेशपुर | श्रीमति रीता शर्मा पत्नि स्व0 पुश्पेन्द्र शर्मा | श्री पुष्पेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 धर्मपाल शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 30 | 773, सिविल लाईन | श्री सलमान पुत्र शाहबुददीन | श्री ओम प्रकाश भाटिया पुत्र तेलीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 31 | 650 व 651, पूर्वावल्ली | श्री पंकज गुप्ता पुत्र स्व0 मुनीषचन्द गुप्ता व श्रीमति मोहिता गुप्ता पत्नि पंकज गुप्ता व राघव गुप्ता पुत्र पंकज गुप्ता व मंयक गुप्ता पुत्र स्व0 मुनीशचन्द गुप्ता व सागर गुप्ता पुत्र मंयक गुप्ता | श्री मुनीश चंद पुत्र हरिचंद | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 32 | 709, पुरानी तहसील | श्री शुभम पुत्र भूपेन्द्र कुमार | कमल कुमार पुत्र स्व0 प्रेमचन्द धीमान | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 33 | 899, रामनगर | श्रीमति कोमल पत्नि स्व0 गुलशन कुमार | गोपाल चन्द मेहन्दीरत्ता पुत्र जीवनदास मेहन्दी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 34 | 1359, चावमण्डी | श्रीमति अनीता पत्नि सुरेश कुमार व सुरेश कुमार पुत्र अतर सिंह | श्रीमति रमा गुप्ता पत्नि श्री हरशेन्द्र कुमार गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 35 | 481, चावमण्डी | श्रीमति सरोज पत्नि स्व0 धनश्याम सिंह | श्री धनश्याम पुत्र भुल्लन सिंह | शपथ–पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 36 | 517, अ0 ता0 पूर्वी के जुज भाग मे | श्रीमति साबिया बेगम पत्नि मुस्तफा | श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 राजेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 राजेन्द्र कुमार | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 37 | 517, अ0 ता0 पूर्वी के जुज भाग मे | श्रीमति साबिया बेगम पत्नि मुस्तफा | श्रीमति सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 राजेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 राजेन्द्र कुमार | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 38 | 81, पुरानी तहसील | श्री बिलाल कादिर पुत्र कदीर हसन उर्फ कादिर हुसैन | श्री कदीर हसन पुत्र कलन्दर बख्श | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 39 | 190 / 1, आदर्शनगर | श्रीमति चन्द्रिका पत्नि रविन्द्र कुमार | (अ0) सुनीता पाहवा पत्नि यशपाल पाहवा | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 40 | 1067, रामनगर | श्री कृष्णा गोपाल कथूरिया पुत्र वेद प्रकाश कथूरिया | श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व0 हुक्म चन्द | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 41 | 580,आदर्शनगर | श्री वैभव कुमार पुत्र सुशील कुमार | श्री महेन्द्र कौर पुत्र कुलदीप सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 42 | 201 / 2, मकतूलपुरी | श्री बिजेन्द्र कुमार पुत्र श्री प्रेम सिंह | श्री अमर पाल सिंह पुत्र मोल्हूराम | शपथ –पत्र, लीज–डीड |
| 43 | 405, अ0 ता0 पूर्वी | श्रीमति रचना गुप्ता पत्नि अनिल गुप्ता | श्री अनिल गुप्ता पुत्र स्व0 रवि कुमार गुप्ता | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 44 | 1194, अ0 ता0 परि0 | श्रीमति चम्पारानी मदान पत्नि प्रकाशलाल मदान | श्री प्रकाश लाल मदान पुत्र स्व0 नौतनदास मदान | शपथ –पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 45 | 950, अ0ता0 परि0 | श्रीमति शहना परवीन पत्नि अजीर्जुरहमान पुत्री स्व0 मौ0 सलीम खान | श्री सलीम खॉ पुत्र अ0 उमर खाान | शपथ –पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 46 | 293, सत्ती | कु0 फातिमा खातून पुत्री मौ0 बिलाल | श्री नरेश कुमार शम्रा पुत्र दाताराम वैध | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 47 | 706 / 16, आदर्शन | श्री सुरेन्द्रपाल पुत्र फूल सिंह | श्री प्रमोद कुमार पुत्र अति प्रकाश | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 48 | 369, गणेशपुर | श्री जोगेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामपाल सिंह | श्री सतीश कुमार पुत्र स्व0 रामपाल सिंह | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 49 | 742 / 16, सत्ती | मौ0 अरीब पुत्र महबूब अली | मौ0 राहिल पुत्र मेहरबान | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 50 | 148, शेखपुरी | श्री समेर चन्द पुत्र पुन्ना | श्री समेर चन्द पुत्र पुन्ना | शपथ –पत्र, निर्णय |
| 51 | 87, माहिग्रान | श्रीमति शाहिस्ता पत्नि साजिद रशीद | श्रीमति शाहाना कमर पत्नि श्री जमील अहमद | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 52 | 1295, रामनगर | श्रीमति हीना चांद पुत्री असलूब खान | श्री रणजीत सिंह पुत्र मेजर कृपाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 53 | 235, मकतूलपुरी | श्रीमति राम मूर्ति देवी पत्नि राजेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह | श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि रघुवीर सिंह | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 54 | 791, गणेशपुर | श्रीमति रेखा मित्तल पत्नि विकास मित्तल | श्री रवि कुमार शुक्ला पुत्र मणिकान्त शुक्ला | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 55 | 330, सोत | श्री शाहजमा खान पुत्र लियाकत खान व अनस खान पुत्र शाहजमा खान | श्रीमति पुष्पापुरी पत्नि स्व0 महेन्द्र कुमार | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 56 | 634, अ0 ता0 परि0 | ऋशभ गोयल पुत्र स्व0 विनोद कुमार गोयल | शशी गोयल पुत्र स्व0 विनोद कुमार गोयल | शपथ –पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 57 | 252, रा0 पु परि0 | ऋशभ गोयल पुत्र स्व0 विनोद कुमार गोयल | शशी गोयल पुत्र स्व0 विनोद कुमार गोयल | शपथ –पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 58 | 175, सि0 लाईन | श्रीमति सीमा जैन पत्नि श्री पंकज जैन | त्रिशला वती देवी जैन पत्नि जनेश्वर प्रसाद | शपथ –पत्र, मृत्युप्रमाण–पत्र |
| 59 | 482, पूर्वावल्ली | श्रीमति सुषमा देवी पत्नि रविन्द्र पंवार | कमलेश भटनागर पत्नि के0सी0 भटनागर | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 60 | 927 / 2डी–बी, आदर्शनगर | श्री राकेश कुमार पुत्र स्व0 ओमप्रकाश | श्री गुलाब गुप्ता पुत्र बलदेव गुप्ता | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 61 | 167, कानूगोयान | श्रीमति शमा परवीन पत्नि अहसान | श्री नरेश ग्रोवर पुत्र तिलकराज व दीपक ग्रोवर पुत्र तिलकराज | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 62 | 1020, गणेशपुर | श्री नीरज कुमार पुत्र जगपाल सिंह | श्री शरद चौधरी पुत्र बिजेन्द्र सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 63 | 1267, सिविल लाईन | श्रीमति रणजीत कौर गुलाटी पत्नि बलजीत सिंह गुलाटी व जसप्रीत कौर पत्नि सतवीर सिंह व सतवीर सिंह पुत्र जैमल सिंह | श्रीमति विजय लक्ष्मी पत्नि विनोद कुमार | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 64 | 646 / 1, 646(1), सिविल लाईन | श्रीमति रमा सेठी पत्नि संजीव सेठी | श्री किशन लाल पुत्र रामदास सेठी | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 65 | 491(4), अ0 ता0 पूर्वी | श्री राम सरिखन यादव पुत्र रामदेव यादव | उषा सिंह पत्नि स्व0 गजेन्द्र पाल सिंह | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 66 | 329, रामनगर | श्री दीपक व चिराग पुत्रगण कस्तूरी लाल | सोनिया खटटर पत्नि रामकिशन खटटर | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 67 | 924, गणेशपुर | श्रीमति नीतू भारद्वाज पत्नि मयंक शर्मा | श्रीमति सरिता देवी पत्नि सतीष चन्द्र बहुखण्डी | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |
| 68 | 1411, अ0 ता0 परि0 | श्री सचिन गुलाटी पुत्र वेदप्रकाश गुलाटी | श्रीमति कमलेश गुलाटी पत्नि वेदप्रकाश गुलाटी | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 69 | 1411, अ0 ता0 परि0 | श्री नवीन गुलाटी पुत्र वेदप्रकाश गुलाटी | श्रीमति कमलेश गुलाटी पत्नि वेदप्रकाश गुलाटी | शपथ –पत्र, दान–पत्र |
| 70 | 271(1–4), कानूगोया | मौहम्मद अहमद व मौ0 तारीक पुत्रगण अब्दुल वाजिद व इफ्तखार आलम व मुशीर आलम पुत्रगण शौकत अली | कौसर आलम पत्नि मौ0 आलम | शपथ –पत्र, विक्रय–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

# कार्यालय ग्राम पंचायत गॉसी, विकास खण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर

पत्रांक – 03 / ग्रा0 पं0 भ0 नि0 / अल्पकालीन निविदा / 2025–26 दिनांक : 02/03/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– RGSA / ग्रा0 पं0 / 2025–26

राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड / की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक–पृथक निविदायें उत्तराखण्ड में अधिकृत / पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से उनकी श्रेणी के अनुसार दिनांक 12.03.2026 को अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन अपराहन 3 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी । उक्त तिथि को अवकाश रहने की स्थिति में निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

आमंत्रित निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 09.03.2026 प्रातः 10.00से 4.00 बजे तक पंचायत भवन गॉसी में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते है ।

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर लागत लाख रु0 में | धरोहर धनराशी रु0में | निविदा प्रपत्रों का मूल्य G.S.T 18% | कार्यपूर्ण करने की अवधि | दरो की वेधता | ठेकेदार की पंजीकृत की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गॉसी विकास खण्ड कपकोट में पंचायत भवन निर्माण कार्य | 20.00 | 40000 | 1500+18% | 120 दिन | 45 | श्रेणी 'ई' व उच्चतर |

- अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ सकेगी । किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सूरक्षित होगा।
- नोट : निविदा प्रपत्र कय करते समय ठेकेदारों को सिविल वर्क में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पडेगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
वि0ख0 कपकोट
जिला-बागेश्वर

ग्राम प्रधान
वि0ख0 कपकोट
जिला-बागेश्वर

# विराट-रोहित से सीखा मैच फिनिश करनाः संजू

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है। मुझे इस दिन का इंतजार था। सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार लेने के बाद कहा कि यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है। जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था।

मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले 10-12 साल से आईपीएल खेल रहा हूं और पिछले 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं। मैं डगआउट में बैठकर रोि. हत शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है और इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने शायद 50 या 60 मैच ही खेले होंगे लेकिन 100 के करीब मुक. ाबले मैंने बाहर बैठकर देखे होंगे और मैंने इस दौरान यह देखा है कि कैसे इस खेल के महान खिलाड़ी गेम को फिनिश करते हैं। सैमसन ने कहा कि मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ती वैश्विक चिंता

पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिस्पर्धी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझते हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रखकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका भले अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब ताजा सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठे व्यवस्थाओं को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने के अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समीकरण खड़े होंगे और युद्ध कितने बड़े दायरे में फैलेगा, यह प्रश्न वैश्विक चिंता को बढ़ाने वाले हैं।

## भारत सरकार अपना रुख स्पष्ट करे



मानवता पर संकट की घड़ी में विश्व समुदाय को संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए, किसी भी प्रकार की हिंसा और युद्ध में आम नागरिकों की जान जाना अत्यंत पीड़ादायक है, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत शांति स्थापना के लिए क्या कूटनीतिक प्रयास कर रहा है और क्या वह युद्ध को रोकने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, युद्धकालीन स्थितियों में कई तरह की सूचनाएं सामने आती हैं, जिनमें से कुछ अपुष्ट भी हो सकती हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह आधिकारिक स्तर पर तथ्यों की पुष्टि कर पारदर्शिता बनाए रखे, ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# काठमांडू बनाम दिल्ली



विनीत नारायण



काठमांडू उस देश की राजधानी है जो आर्थिक प्रगति में भारत से कहीं पीछे है। पर हर मायने में भारत की राजधानी दिल्ली से कहीं आगे है। सारे शहर की सड़कें और फुटपाथ बिल्कुल साफ हैं, जहां हर वक्त सफाईकर्मी मुस्तैदी से डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि मोदी जी का 'स्वच्छ भारत अभियान' भारत के लिए नहीं बल्कि नेपाल के लिए था। क्योंकि भारत की राजधानी दिल्ली में तो जहां निगाह डालिए वहीं कूड़े के अंबार लगे पड़े हैं।

यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है और इस नियम को न मानने पर जुर्माना ठोक दिया जाता है। इससे काठमांडू में ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण की तो यहां कोई समस्या ही नहीं है। जहां दिल्ली में ।फ्प् की मात्रा 400 तक पहुंच जाती है वहां काठमांडू का ।फ्प् नगण्य है। हालांकि इसके कई कारण हैं, एक तो कठमाडू एक घाटी में बसा है और चारों ओर पहाड़ों से घिरा है। दूसरा यहां की आबादी बहुत कम है और कारखघनों की संख्या भी उतनी ज्यादा नहीं। इसलिए वायु प्रदूषण की दिल्ली के साथ तुलना को छोड़ा भी जा सकता है।

परंतु ऐसे कई अन्य कारण भी हैं जो काठमांडू को दिल्ली से बेहतर बनाते हैं। मिसाल के तौर पर यहां कानून व्यवस्था, दिल्ली की तुलना में काफी व्यवस्थित है। यहां के नागरिक बताते हैं कि आधी रात को भी यहां महिलाएं बेझिझक अकेली निकल सकती हैं। किसी भी तरह की छीना-झपटी नहीं होती। न ही महिलाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़-छाड़ होती है। काठमांडू और नेपाल में कई विश्व प्रसिद्ध मंदिर भी हैं और पर्यटन की भी अनेकों जगह हैं। यहां जाने पर भी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के साथ किसी भी तरह का छल-कपट और नाजायज उगाही नहीं की जाती। प्रशासन की तरफ से जो भी कर्मचारी तैनात किए जाते हैं वो पर्यटकों की हर संभव सहायता करते दिखाई देते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' हो या कोई अन्य अभियान, किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जो कि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं।

इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा। यदि इतने बड़े स्तर शुरू किए गए अभियान की सफलता अगर काफी कम पाई जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निसंदेह स्थानीय निकाय जिम्मेदार हैं। किंतु हम सब नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि यदि हम नागरिक किसी साफ सुथरे मॉल या अन्य स्थान पर जाते हैं तो सभी नियमों का पालन करते हैं। कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालते हैं। इस तरह हम एक साफ सुथरी जगह को साफ रखने में सहयोग अवश्य देते हैं। लेकिन ऐसा क्या कारण है कि जहां किसी नियम को सख्ती से लागू किया जाता है तो हम पूरा सहयोग देते हैं परंतु जहां कहीं भी किसी नियम को लागू करने में एजेंसियां ढिलाई बरतती हैं या हमारे विवेक पर छोड़ देती हैं तो आम नागरिक भी उसे हल्के में ले लेता है। भाजपा या अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकायों और हम सब आम नागरिकों को भी भारत को कचरा मुक्त देश बनाने के लिए अब कमर कसनी होगी। क्योंकि ए कार्य केवल नारों और विज्ञापनों से नहीं हो पाएगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हम सब जानते हैं कि लगातार कचरे के ढेरों का, हमारे परिवेश में चारों तरफ बढ़ते जाना, हमारे व हमारी आनेवाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए कितना खघ्तरनाक है? फिर भी हम सब निष्क्रिय बैठे हैं। हमें जागना होगा और इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय होना होगा। इसलिए नारे चाहे 'स्वच्छता' के लगें या 'स्वदेशी' के, जनता की भागीदारी के बिना, नारे नारे ही रहेंगे।

> यही हाल काठमांडू शहर के सार्वजनिक शौचालयों का भी है। जो इतने साफ रहते हैं कि आश्चर्य होता है कि मानो किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के शौचालय हों। दूसरी ओर दिल्ली के ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि आसानी से घुसने की हिम्मत नहीं पड़ती। काठमांडू की एक और खघसियत ने पिछले तीन दिनों में मेरा ध्यान आकर्षित किया। वो है यहां की ट्रैफिक व्यवस्था। सभी व्यस्त सड़कों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रह कर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। इतना ही नहीं यहां के नागरिक भी ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारी से पालन करते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात तो यह थी कि काठमांडू की सड़कों पर गाड़ियों के हॉर्न का कर्कश शोर बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। यहां के ट्रैफिक नियमों के अनुसार आपातकालीन स्थिति को छोड़ कर, सामान्य स्थिति में हॉर्न बजाना वर्जित है।

# बालेन शाह को लेकर खौफजदा हैं पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है। इस बार भी और शायद आगे कुछ और सालों तक नेपाल में स्थाई सरकार दूर दूर तक नजर नहीं आती।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा,बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसे अटकी हुई है।सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को पूर्वी नेपाल में 20 सीटें हासिल हुई थी। यह काफी मायने रखता है क्योंकि बेहद कम समय में उदय होने वाली किसी भी पार्टी को मिली यह बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने की कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी। वे टीवी जर्नलिस्ट थे और एक न्यूज चौनल पर अपनी खास प्रस्तुति के जरिए नेपाल के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे। 2022के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और बीस सीटों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाके दार इंट्री की। ओली की गठबंधन सरकार में वे उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने लेकिन इस पद पर बहुत दिनों तक टिक नहीं सके। उन्हें अमरीकी नागरिकता विवाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पद छोड़ना पड़ा था लेकिन जितने दिन तक वे इस पद पर थे, ब्यूरो क्रेट और राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे। बतौर गृह मंत्री उन्होंने कई बड़े अफसरों और सभी पार्टियों के बड़े बड़े नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर नेपाल की राजनीति में खलबली मचा दी थी। हालांकि बाद में वे अमरीकी नागरिकता विवाद से मुक्त हो कर फिर प्रतिनिधि सभा में वापस आए लेकिन तब तक वे अन्य राजनीतिक दलों की आंख की किरकिरी बन चुके थे। हां अपनी छोटी सी राजनी. तिक यात्रा में उनकी शिनाख्त एक इमानदार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की हो चुकी थी। हालांकि धोखाधड़ी के एक मामले में वे स्वंय कानूनी जंग लड़ रहे हैं। जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़ कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगा कर राष्ट्र वादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है। क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बना कर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है होली



रंगों का उल्लास, ढ़ोल की थाप, अबीर-गुलाल की उड़ती धूल और हृदय में उमड़ती अपनत्व की भावना, होली केवल एक उत्सव नहीं, भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्स्फुरण है। बुराई पर अच्छाई की विजय, अहंकार पर विनम्रता की जीत और अटूट भक्ति की शक्ति का संदेश देता यह पर्व सामा. जिक समरसता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत प्रतीक है। भारतीय उपमहाद्वीप का यह प्रमुख त्योहार मनोरंजन का माध्यम भर नहीं बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का विराट संगम है। प्रेम, क्षमा, एकता, आत्म-शुद्धि, नवीनता और आनंद का संदेश देने वाला यह पर्व मानव जीवन को भीतर से परिष्कृत करने की प्रेरणा देता है।

होली की मूल कथा भक्त प्र]लाद और उसके पिता हिरण्यकश्यप से जुड़ी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिरण्यकश्यप का अहंकार इतना बढ़ गया था कि वह स्वयं को ईश्वर से भी ऊपर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। प्रह्लाद की अटूट आस्था से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक प्रकार से मृत्यु देने का प्रयास किया। अंततः उसने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करे। किंतु ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति तथा सत्य की सदैव विजय होती है। इसी स्मृति में हो. लिका दहन किया जाता है, जो हमारे भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों (ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार) को जलाने का प्रतीक है। होली केवल प्रह्लाद की कथा तक सीमित नहीं है। यह राधा-कृष्ण के प्रेम और आनंद का भी पर्व है। भगवान कृष्ण की बाल-लीलाओं में होली का विशेष स्थान है। ब्रजभूमि में कृष्ण और राधा के प्रेमपूर्ण रंगोत्सव की परंपरा आज भी जीवंत है। मान्यता है कि गोकुल में पूतना वध के उपरांत हर्षोल्लास में होली खेली गई थी। वृंदावन की गलियों में रास-लीला और रंगों की छटा इस पर्व को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर देती है। इसी प्रकार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की कथा इस पर्व को धार्मिक गहराई प्रदान करती है। होली का संबंध भगवान शिव से भी जोड़ा जाता है, जिनकी तपस्या और तांडव सृष्टि के संतुलन का संदेश देते हैं। इस प्रकार होली विविध धार्मिक परंपराओं का संगम बनकर भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा को प्रकट करती है।

आध्यात्मिक दृष्टि से होलिका दहन का महत्व अत्यंत गहन है। 'होलिका' शब्द का एक अर्थ 'भुना हुआ अन्न' भी माना गया है। होलिका दहन के अवसर पर गेहूं और जौ की बालियों को भूनने की परंपरा इसी का प्रतीक है। जैसे भुना हुआ अन्न पुनः अंकुरित नहीं होता, वैसे ही ज्ञान की अग्नि में तपकर किया गया कर्म बंधनरहित हो जाता है। यह कर्मयोग का संदेश है, कर्म करो किंतु फल की आसक्ति छोड़ दो। सामूहिक अग्नि के समक्ष नारियल, गोबर के उपले, कंडे, हरे चने और ऋतु-फल अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। अग्नि को नकारात्मक ऊर्जा के विनाश और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम माना गया है। होली सामाजिक समानता का भी महान पर्व है। इस दिन जाति, वर्ग, धर्म और आर्थिक भेदभाव की दीवारें ढ़ह जाती हैं। रंगों की एक ही परत सबको एक समान बना देती है। राजा और रंक, अमीर और गरीब, सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि मनुष्य होने का अर्थ है विनम्रता और करुणा से परिपूर्ण होना। सत्ता, धन, वैभव और शक्ति का अहंकार अंततः विनाश की ओर ले जाता है। होली हमें यह शिक्षा देती है कि हम अपने भीतर की दंभ-ग्रंथि को त्यागकर सरल और सहृदय बनें। भारतीय साहित्य और लोक परंपरा में भी होली का विशेष स्थान है। संस्कृत और अवधी के महाकवियों ने अपने काव्य में इस उत्सव की छटा का मनोहारी वर्णन किया है। भक्तिकालीन कवि सूरदास ने वसंत और होली पर अनेक पदों की रचना की, जिनमें कृष्ण-राधा के प्रेम और रंगोत्सव की झलक मिलती है। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली की शुरुआत हो जाती है और फाल्गुन पूर्णिमा तक उत्सव का रंग गहराता जाता है। मथुरा और वृंदावन में 14 दिनों तक चलने वाले उत्सव में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बरसाना की लठमार होली, नंदगांव की रंगभरी होली और फाल्गुनी गीत इस पर्व को विशिष्ट पहचान देते हैं। होली का एक गहरा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। रंग हमारे मनोभावों को प्रभावित करते हैं। लाल ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक है, पीला ज्ञान और आशा का, हरा समृद्धि और संतुलन का, नीला व्यापकता और शांति का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं तो यह केवल बाहरी रंग नहीं बल्कि भावनात्मक आदान-प्रदान का प्रतीक होता है। पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नए संबंधों की शुरुआत करना ही सच्ची होली है। यह पर्व हमें भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर देता है कि क्या हमने अपने मन की अशुद्धियों को सचमुच जलाया है? क्या हमने क्षमा और प्रेम को अपनाया है? दीपावली जहां बाहरी स्वच्छता का संदेश देती है, वहीं होली आंतरिक शुद्धि का पर्व है। यह दो ऋतुओं के संधिकाल में आता है, जब प्रकृति स्वयं परिवर्तन के दौर से गुजरती है। पेड़ों पर नई कोपलें

**-अतुल गोयल**

# लारीजानी का अमेरिका के साथ बातचीत से इन्कार

## अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के बने आसार

**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ किसी भी नई बातचीत से इनकार कर दिया है। इससे ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के साथ ही बयानबाजी और बढ़ गई है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी ने 'पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी)' की खबरों को खारिज कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने 'भ्रम वाली हरकतें' करके इस इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है।

लारीजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने अपने 'अमेरिका पहले' नारे को 'इजरायल पहले' में बदल दिया है और इजरायल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है और अब उन्हें और अमेरिकी लोगों के मारे जाने का डर है। लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा। गौरतलब है कि अमेरिका -इजरायल मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए। इसमें बहरीन में लोगों के मारे जाने और इराक और कुवैत में और बमबारी होने की खबरें हैं। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने 1000 से ज्यादा ईरानी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें भूमिगत मिसाइल ठिकाने भी शामिल हैं और कई



■ ट्रम्प ने अपनी भ्रम वाली कल्पनाओं से पश्चिम एशिया को अराजक स्थिति में धकेल दिया है: लारीजानी

### ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की खाई कसम, संघर्ष तेज

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान पर सैन्य हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वाशिंगटन के सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। उन्होंने तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। ट्रम्प की ये टिप्पणी ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों, जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले करने के बाद शत्रुता में तीव्र वृद्धि के बीच आई है। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने इजरायल के साथ मिलकर किए गए एक बड़े समन्वित हमले के बाद पिछले 24 घंटों में ईरान के अंदर 1000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और लगभग 40 वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य अधिकारी मारे गए, जिससे ईरान के नेतृत्व ढांचे को निर्णायक झटका लगा है। इस स्थिति ने व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका बढ़ा दी है, जिसके चलते खाड़ी देशों ने अपनी सेनाओं को हाई अलर्ट पर रखा है।

ईरानी नौसैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। ट्रम्प ने ईरान सुरक्षा बलों को हथियार डालने या 'मौत' का सामना करने की चेतावनी दी और संकेत दिया कि अमेरिकी सैन्य अभियान लगभग चार हफ्ते तक चल सकता है। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने सोमवार को बताया कि ईरान सुरक्षा बलों ने देश के पश्चिम में एक इजराइली हर्मीस ड्रोन को मार गिराया है। लोरेस्तान प्रांत के प्रशासनिक केन्द्र खोरमाबाद शहर के पास भी एक इजराइली ड्रोन को मार गिराया गया है। इजरायली सेना ने कहा है कि ईरान ने इजरायल की ओर और मिसाइलें दागीं लेकिन उसकी वायु सुरक्षा प्रणाली ने उन्हें हवा में ही रोक कर नष्ट कर दिया।

# जंग के बीच ट्रम्प ब्रिटेन से नाराज

■ ईरान पर हमले के लिए जल्दी ब्रिटिश मिलिट्री बेस चाहते थे, पीएम स्टार्मर ने 48 घंटे बाद परमिशन दी ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल- अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अंपना मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

# अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान में अब तक 550 लोगों की मौत

■ फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले तीसरे दिन भी जारी रहे और ईरान ने प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करते हुए खाड़ी के कई देशों को निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान में बीते दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को इन हमलों में खासा नुकसान पहुंचा है। युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट ने यह जानकारी दी है। इस बीच फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का ऐलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा है उनका देश खाड़ी के देशों की सुरक्षा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा। उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है और यह खाडी में हमारे सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर तीनों देश अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार करते हुए अपने ठिकानों के उपयोग की अनुमति 'विशिष्ट और सीमित रक्षात्मक उद्देश्य' के लिए दी है। स्टारमर ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने हमसे उनकी रक्षा के लिए और अधिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। समन्वित रक्षात्मक अभियानों के तहत ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं और उन्होंने ईरानी हमलों को सफलतापूर्वक रोका है। उन्होंने कहा कि खतरे को रोकने का एकमात्र तरीका मिसाइलों को उनके स्रोत पर नष्ट करना है, चाहे वे भंडारण डिपो में हों या लॉन्चर पर। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था।

# इजरायली हमले से लेबनान में 31 की मौत

■ इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान में सोमवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 149 अन्य घायल हुए।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। इजरायल ने ये हमले तब किए जब हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मारे जाने के प्रतिशोध में इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन दागे। टाइम्स ऑफ इजरायल ने इजरायली सेना के हवाले से कहा कि उसने बेरूत के दहिएह इलाके और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के 'शीर्ष कमांडरों' को निशाना बनाते हुए 'सटीक हमले' किए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए ने देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमलों की पुष्टि की, जिनमें बेरूत के दक्षिणी उपनगर भी शामिल हैं। इन इलाकों में हिजबुल्लाह का प्रभाव है। दूसरी ओर, इजरायल के सेना प्रमुंख इयाल जमीर ने कहा कि सेना ने हिजबुल्ला के खलिफ़ हमले शुरू किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान 'कई दिनों' तक चलेगा क्योंकि देश की उत्तरी सीमा पर लड़ाई तेजी से बढ़ रही है।

इजरायली सेना ने एक बयान में दक्षिण और पूर्वी लेबनान के लगभग 50 कस्बों और गांवों के निवासियों को तत्काल घर खाली करने की चेतावनी भी जारी की। सेना की प्रवक्ता एला वावेया ने कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए गांवों से कम से कम एक हजार मीटर दूर खुले क्षेत्रों में जाना चाहिए। इससे पूर्व, हिजबुल्ला ने इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह कार्रवाई ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या और लेबनान पर 'बार-बार इजरायली हमलों' के जवाब में की गई है। हिज्बुल्ला ने यह भी कहा कि उसने लेबनान की रक्षा में ए हमले किए हैं। इस बीच, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ़ सलाम ने रॉकेट हमलों को 'गैर-जिम्मेदाराना' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई लेबनान की सुरक्षा को खतरे में डालती है और इजरायल को हमले जारी रखने का बहाना देती है। सलाम ने हिजबुल्ला का नाम लिए बिना दोषियों को रोकने और लेबनानी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प जाहिर किया।

## खामेनेई की मौत के बाद कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोग मरे, कई घायल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कर्दू में 11 लोगों की जान गई। राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में खामेनेई की हत्या की पुष्टि के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। विभिन्न संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था। कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'इजरायल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले छोड़े।

## ईरान-अमेरिका तनाव की कहानी, सात दशक पुरानी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार तड़के मौत के साथ दोनों देशों के बीच का दशकों पुराना तनाव अपने चरम पहुंच गया है। खामेनेई के गुरु अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका ईरान का सबसे बड़ा विरोधी बना हुआ है।






## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं

■ अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा:लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## साइप्रस में ब्रिटिश एयरबेस पर ड्रोन हमला

**निकोसिया।** साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया। बेस अधिकारियों और साइप्रस सरकार ने यह जानकारी दी है। बेस के अधिकारियों ने बताया कि एक 'छोटे ड्रोन' ने विमान क्षेत्र पर हमला किया।















# नूर खान बेस पर अफगान का हमला, मारे गए 35 पाक सैनिक

■ अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं।

इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई। तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा। यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया। पाकिस्तान ने शुक्रवार को काबुल और कंधार में एयरस्ट्राइक की थीं। इसके कुछ घंटों बाद ही अफगान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पाकिस्तान की वायुसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।












## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से रोकना आवश्यक: शहबाज

इस्लामाबाद। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ने से रोकना आवश्यक है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मैंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की, जो इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद की शत्रुता के कारण तनावपूर्ण हो गई है और पूरे क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। मैंने ओमान द्वारा पिछले कुछ वर्षों में संवाद को बढ़ावा देने एवं तनाव को कम करने में किए गए ईमानदार प्रयासों की सराहना की है।





